
कक्षा – आठवीं
प्रश्नकोश


हिंदी मध्यम
question bank
class 8
aglasem.com

सीखने के प्रतिफल विषय – सामाजिक विज्ञान कक्षा – 8		
क्रम संख्या	**कोड**	**सीखने के प्रतिफल**
1.	S.St 801	कच्चे माल, आकार तथा स्वामित्व के आधार पर विभिन्न प्रकार के उद्योगों को वर्गीकृत करते हैं।
2.	S.St 802	अपने क्षेत्र/राज्य की प्रमुख फसलों, कृषि के प्रकारों तथा कृषि पद्धतियों का वर्णन करते हैं।
3.	S.St 803	विश्व के मानचित्र पर जनसंख्या के असमान वितरण के कारणों की व्याख्या करते हैं।
4.	S.St 804	वनों की आग (दावानल), भूस्खलन, औद्योगिक आपदाओं के कारणों और उनके जोखिम को कम करने के उपायों का वर्णन करते हैं।
5.	S.St 805	महत्वपूर्ण खनिजों, जैसे कोयला तथा खनिज तेल के वितरण को विश्व के मानचित्र पर अंकित करते हैं।
6.	S.St 806	पृथ्वी पर प्राकृतिक तथा मानव निर्मित संसाधनों के असमान वितरण का विश्लेषण करते हैं।
7.	S.St 807	सभी क्षेत्रों में विकास को बनाए रखने के लिए प्राकृतिक संसाधनों, जैसे – जल, मृदा, वन इत्यादि के विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध को तर्कपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करते हैं।
8.	S.St 808	ऐसे कारकों का विश्लेषण करते हैं जिनके कारण कुछ देश प्रमुख फसलों, जैसे– गेहूँ, चावल, कपास, जूट इत्यादि का उत्पादन करते हैं। बच्चे इन देशों को विश्व के मानचित्र पर अंकित करते हैं।
9.	S.St 809	विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में कृषि के प्रकारों तथा विकास में संबंध स्थापित करते हैं।
10.	S.St 810	विभिन्न देशों/भारत/राज्यों की जनसंख्या को दंड आरेख (बार डायग्राम) द्वारा प्रदर्शित करते हैं।
11.	S.St 811	स्त्रोतों के इस्तेमाल, भारतीय उपमहाद्वीप के विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्रयुक्त नामावली और व्यापक बदलावों के आधार पर 'आधुनिक काल' का 'मध्यकाल' और 'प्राचीनकाल' से अंतर करते हैं।
12.	S.St 812	इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी कैसे सबसे प्रभावशाली शक्ति बन गई, बताते हैं।
13.	S.St 813	देश के विभिन्न क्षेत्रों में औपनिवेशिक कृषि नीतियों के प्रभाव में अंतर बताते हैं, जैसे–'नील विद्रोह।'
14.	S.St 814	उन्नीसवीं शताब्दी में विभिन्न आदिवासी समाज के रूपों और पर्यावरण के साथ उनके संबंधों का वर्णन करते हैं।
15.	S.St 815	आदिवासी समुदायों के प्रति औपनिवेशिक प्रशासन की नीतियों की व्याख्या करते हैं।
16.	S.St 816	1857 के विद्रोह की शुरुआत, प्रकृति और फैलाव और इससे मिले सबक का वर्णन करते हैं।
17.	S.St 817	औपनिवेशिक काल के दौरान पहले से मौजूद शहरी केंद्रों और हस्तशिल्प उद्योगों के पतन और नए शहरी केद्रों और उद्योगों के विकास का विश्लेषण करते हैं।

18.	S.St 818	भारत में नयी शिक्षा प्रणाली के संस्थानीकरण के बारे में बताते हैं।
19.	S.St 819	जाति, महिला, विधवा पुनर्विवाह, बाल विवाह, सामाजिक सुधार से जुड़े मुद्दों और इन मुद्दों पर औपनिवेशिक प्रशासन के कानूनों और नीतियों का विश्लेषण करते हैं।
20.	S.St 820	कला के क्षेत्र में आधनिुक काल के दौरान हुई प्रमुख घटनाओं की रूपरेखा तैयार करते हैं।
21.	S.St 821	1870 के दशक से लेकर आजादी तक भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन की रूप रेखा तैयार करते हैं।
22.	S.St 822	राष्ट्र–निर्माण की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलावों का विश्लेषण करते हैं।
23.	S.St 823	भारत के संविधान के संदर्भ में अपने क्षेत्र में सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों का विश्लेषण करते हैं।
24.	S.St 824	मौलिक अधिकार और मौलिक कर्त्तव्यों को समुचित उदाहरणों से स्पष्ट करते हैं।
25.	S.St 825	मौलिक अधिकारों की अपनी समझ से किसी दी गई स्थिति, जैसे – बाल अधिकार के उल्लंघन, संरक्षण और प्रोत्साहन की स्थिति को समझते हैं।
26.	S.St 826	राज्य सरकार और केंद्र सरकार के बीच अंतर करते हैं।
27.	S.St 827	लोकसभा के चुनाव की प्रक्रिया का वर्णन करते हैं।
28.	S.St 828	राज्य/संघ शासित प्रदेश के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मानचित्र पर अपना निर्वाचन क्षेत्र पहचान सकते हैं और स्थानीय सांसद का नाम जानते हैं।
29.	S.St 829	कानून बनाने की प्रक्रिया का वर्णन करते हैं (उदाहरणार्थ, घरेलू हिंसा से स्त्रियों का बचाव अधिनियम, सूचना का अधिकार अधिनियम, शिक्षा का अधिकार अधिनियम)।
30.	S.St 830	भारत में न्यायिक प्रणाली की कार्यविधि का कुछ प्रमुख मामलों का उदाहरण देकर वर्णन करते हैं।
31.	S.St 831	एक प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ.आई.आर.) दर्ज करने की प्रक्रिया को प्रदर्शित करते हैं।
32.	S.St 832	अपने क्षेत्र के सुविधा वंचित वर्गों की उपेक्षा के कारणों और परिणामों का विश्लेषण करते हैं।
33.	S.St 833	पानी, सफाई, सड़क, बिजली आदि जन–सुविधाएं उपलब्ध कराने में सरकार की भूमिका की पहचान करते हैं।
34.	S.St 834	आर्थिक गतिविधियों के नियम में सरकार की भूमिका का वर्णन करते हैं।

सामाजिक विज्ञान
कक्षा – 8
हमारे अतीत – 3 (भाग–1)
अध्याय – 1
अध्याय का नाम – कैसे, कब और कहाँ

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. भारत के पहले गवर्नर–जनरल कौन थे ? S.St 812, 811
   (i) वेलेज़्ली (ii) डलहौज़ी (iii) वॉरेन हेस्टिंग्स (iv) हार्डिंग
2. वॉरेन हेस्टिंग्स कब भारत के पहले गवर्नर–जनरल बने ? S.St 812, 811
   (i) सन 1770 (ii) सन 1777 (iii) सन 1780 (iv) सन 1773
3. 'ए हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया' नामक किताब किसने लिखी ? S.St 812, 811
   (i) रिपन (ii) जेम्स मिल (iii) डेविड जोसेफ (iv) इनमें से कोई नहीं
4. जेम्स मिल ने भारतीय इतिहास को कितने खण्डों में बाँट दिया था ? S.St 812, 811
   (i) एक (ii) दो (iii) तीन (iv) चार
5. भारत के अन्तिम वायसरॉय कौन थे? S.St 812, 811
   (i) लॉर्ड डलहौज़ी (ii) लॉर्ड विलियम बेंटिंक
   (iii) लॉर्ड मांउट बैटन (iv) लॉर्ड रिपन

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

6. जेम्स मिल ने 'ए हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया' नामक किताब सन् ..... में लिखी। S.St 812, 811
7. सन् 1773 में ..... भारत के पहले गवर्नर–जनरल बने। S.St 812, 811
8. जेम्स मिल ने भारतीय इतिहास को हिन्दू, मुस्लिम और ..... काल खण्डों में बाँटा था। S.St 812, 811
9. ..... भारत के आखिरी वायसरॉय थे। S.St 812, 811

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

10. जेम्स मिल ने भारतीय इतिहास को हिन्दू, मुस्लिम और ईसाई तीन काल खंडों में बाँट दिया था। S.St 812, 811
11. सरकारी दस्तावेज़ों से हमें ये समझने में मदद मिलती है कि आम लोग क्या सोचते हैं। S.St 812, 811
12. अंग्रेज़ों को लगता था कि सही तरह शासन चलाने के लिए सर्वेक्षण महत्वपूर्ण होते हैं। S.St 812, 811
13. जेम्स मिल न्यूजीलैंड के अर्थशास्त्री और राजनीतिक दार्शनिक थे। S.St 812, 811

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

14. भारत के पहले गवर्नर–जनरल का नाम बताओ ? S.St 812, 811
15. जेम्स मिल ने भारत के इतिहास को किन तीन काल खंडों में बाँटा था ? S.St 812, 811
16. जनगणना के जरिये कौन–कौन सी जानकारियाँ एकत्रित की जाती थीं ? S.St 812, 811

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

17. अधिकृत रिकॉर्डस से क्या पता चलता है? S.St 812, 811
18. अंग्रेज़ों ने सरकारी दस्तावेजों को किस तरह सुरक्षित रखा ? S.St 812, 811
19. इतिहासकार पुराने अखबारों से जो जानकारी जुटाते हैं वह पुलिस कि रिपोर्टों में उपलब्ध जानकारी से किस तरह अलग होती हैं ? S.St 812, 811
20. औपनिवेशीकरण क्या होता है ? S.St 812, 811

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

21. सर्वेक्षण क्या होता है ? उन्नीसवीं सदी के आखिर में कौन–कौन से सर्वेक्षण किये जाते थे ? S.St 812, 811
22. औपनिवेशिक शासन व्यवस्था क्या होती है? औपनिवेशिक शासन में प्रशासन, अभिलेख किस प्रकार से तैयार करते थे? S.St 812, 811

अध्याय– 02

अध्याय का नाम – व्यापार से साम्राज्य तक
कंपनी की सत्ता स्थापित होती है

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. औरंगज़ेब की मृत्यु कब हुई ? S.St 812
   (i) सन् 1707 (ii) सन् 1705 (iii) सन् 1708 (iv) सन् 1706
2. पुर्तगाल के खोजी यात्री 'वास्को द गामा' कब भारत पहुँचे ? S.St 812
   (i) सन् 1448 (ii) सन् 1478 (iii) सन् 1498 (iv) सन् 1488
3. ईस्ट इंडिया कंपनी की पहली फैक्ट्री कब शुरू हुई ? S.St 812
   (i) सन् 1671 में (ii) सन् 1771 में (iii) सन् 1651 में (iv) सन् 1751 में
4. 1757 में प्लासी के युद्ध में ईस्ट इंडिया कंपनी का नेतृत्व किसने किया ? S.St 812
   (i) विलियम पिट (ii) मीर जाफ़र (iii) रॉबर्ट क्लाइव (iv) इनमें से कोई नहीं
5. बक्सर की लड़ाई कब लड़ी गई ? S.St 812
   (i) सन् 1774 में (ii) सन् 1784 में (iii) सन् 1754 में (iv) सन् 1764 में

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

6. बंगाल पर अंग्रेजों की जीत ..... की जंग से शुरू हुई थी। S.St 812
7. हैदर अली और टीपू सुलतान ..... के शासक थे। S.St 812
8. डलहौज़ी ने ..... का सिद्धांत लागू किया। S.St 812
9. पानीपत की तीसरी लड़ाई ..... ई॰ में हुई। S.St 812
10. मराठा रियासतें मुख्य रूप से भारत के ..... भाग में स्थित थीं। S.St 812

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

11. मुगल साम्राज्य अठारहवीं सदी में मजबूत होता गया। S.St 812
12. इंग्लिश ईस्ट इंडिया कंपनी भारत के साथ व्यापार करने वाली एकमात्र यूरोपीय कंपनी थी। S.St 812

13. महाराजा रणजीत सिंह पंजाब के राजा थे। S.St 812
14. अंग्रेज़ों ने अपने कब्जे वाले इलाकों में कोई शासकीय बदलाव नहीं किए। S.St 812
15. विलय नीति लार्ड डलहौज़ी ने अपनाई। S.St 812

मिलान करो :– **सीखने के प्रतिफल**

16. S.St 812

(i) दीवानी	टीपू सुल्तान
(ii) "शेर–ए–मैसूर	भूराजस्व वसूल करने का अधिकार
(iii) फौजीदारी अदालत	सिपॉय
(iv) रानी चेन्नम्मा	भारत का पहला गवर्नर–जनरल
(v) सिपाही	फौजदारी अदालत
(vi) वॉरेन हेस्टिंग्स	कित्तूर में अंग्रेज–विरोधी आंदोलन का नेतृत्व किया

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

17. ईस्ट इंडिया कंपनी की पहली फैक्ट्री कब और कहाँ शुरू हुई थी ? S.St 812
18. 'वास्को द गामा' भारत कब आए ? S.St 812
19. 'वास्को द गामा' कौन थे ? S.St 812
20. मीर जाफ़र की मृत्यु कब हुई? S.St 812

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

21. यूरोपीय व्यापारिक कंपनियां भारत की तरफ क्यों आकर्षित हो रही थीं ? S.St 812
22. बंगाल के नवाबों और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच किन बातों पर विवाद थे ? S.St 812
23. दीवानी मिलने से ईस्ट इंडिया कंपनी को किस तरह फायदा पहुँचा ? S.St 812
24. ईस्ट इंडिया कंपनी टीपू सुल्तान को खतरा क्यों मानती थी ? S.St 812
25. महाभियोग किसे कहते है? S.St 812

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

26. "सब्सिडियरी एलायंस" (सहायक संधि) व्यवस्था की व्याख्या करें। S.St 812
27. कंपनी का शासन भारतीय राजाओं के शासन से किस तरह अलग था ? S.St 812
28. कंपनी की सेना की संरचना में आए बदलावों का वर्णन करें। S.St 812
29. यूरोपीय व्यापारिक कंपनियाँ भारत की तरफ आकर्षित हो रही थीं। कारण बताएं। S.St 812

अध्याय संख्या – 03
अध्याय का नाम – ग्रामीण क्षेत्र पर शासन चलाना

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. महालवारी बंदोबस्त व्यवस्था को किसने लागू किया ? S.St 813
   (i) टॉमस मुनरो (ii) होल्ट मैकेंजी (iii) विलियम पिट (iv) इनमें से कोई नहीं

2. महालवारी बंदोबस्त व्यवस्था कब लागू की गई ? S.St 813

(i) सन् 1820 (ii) सन् 1824 (iii) सन् 1826 (iv) सन् 1822

3. नील विद्रोह कब हुआ ? S.St 813

(i) सन् 1869 (ii) सन् 1879 (iii) सन् 1859 (iv) सन् 1889

4. ''रैयतवारी'' व्यवस्था को किसने लागू किया ? S.St 813

(i) टॉमस मुनरो (ii) टीपू सुलतान (iii) विलियम मारिस (iv) आर्यभट्ट

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

5. यूरोप में वोड उत्पादकों को ..... से अपनी आमदनी में गिरावट का खतरा दिखाई देता था। S.St 813

6. अठारहवीं सदी के आखिर में ब्रिटेन में नील की माँग ..... के कारण बढ़ने लगी। S.St 813

7. ..... की खोज से नील की अन्तर्राष्ट्रीय माँग पर बुरा असर पड़ा। S.St 813

8. चंपारण आन्दोलन ..... के खिलाफ था। S.St 813

9. स्थायी बन्दोबस्त सन् ..... ई॰ में लागू किया गया। S.St 813

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

10. मार्च 1859 में बंगाल के हजारों रैयतों ने नील की खेती से इन्कार कर दिया। S.St 813

11. कर्ज़ा लेने वाले रैयतों को अपनी कम से कम 50 प्रतिशत ज़मीन पर नील की खेती करनी होती थी। S.St 813

12. 1947 में चंपारण आंदोलन की शुरुआत हुई। S.St 813

13. नील का पौधा मुख्य रूप से उष्ण कटिबन्धीय इलाकों में ही उगता है। S.St 813

मिलान करो :– **सीखने के प्रतिफल**

14. S.St 813

(i) रैयत	ग्राम–समूह
(ii) महाल	किसान
(iii) निज खेती	रैयतों की जमीन पर खेती
(iv) रैयती	ब़ाग़ान मालिकों की अपनी जमीन पर खेती

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

15. 'रैयत' किन्हें कहा जाता था ? S.St 813

16. 'महाल' किसे कहा जाता था ? S.St 813

17. बैंगनी और नीले रंग बनाने के लिए कौन से पौधे पर निर्भर रहना पड़ता था ? S.St 813

18. नील का पौधा मुख्य रूप से किन इलाकों में उगता है ? S.St 813

19. 'नील विद्रोह' कब हुआ ? S.St 813

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

20. स्थायी बंदोबस्त के मुख्य पहलुओं का वर्णन कीजिए। S.St 813

21. महालवारी व्यवस्था स्थायी बंदोबस्त के मुकाबले कैसे अलग थी ? S.St 813

22. राजस्व निर्धारण की नई मुनरो व्यवस्था के कारण पैदा हुई दो समस्याएँ बताइए। S.St 813
23. रैयत नील की खेती से क्यों कतरा रहे थे ? S.St 813
24. गुलाम से क्या अभिप्राय है? S.St 813

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

25. किन परिस्थितियों में बंगाल में नील का उत्पादन धराशायी हो गया ? S.St 813
26. 'नील विद्रोह' कब और कैसे हुआ ? S.St 813
27. निज खेती की समस्याओं को सूचीबद्ध करो। S.St 813

अध्याय– 4
अध्याय का नाम – आदिवासी, दीकु और एक स्वर्ण युग की कल्पना

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. कुछ समय के लिए बिना खेती छोड़ दी जाने वाली जमीन ताकि उसकी मिट्टी दोबारा उपजाऊ हो जाये, इस प्रक्रिया को क्या कहा जाता था ? S.St 814
   (i) परती (ii) साल (iii) महुआ (iv) बेवड़
2. वर्ली विद्रोह कब हुआ ? S.St 814
   (i) सन् 1910 में (ii) सन् 1920 में (iii) सन् 1930 में (iv) सन् 1940 में
3. बिरसा का जन्म किस समुदाय में हुआ था ? S.St 814
   (i) गोंड (ii) संथाल (iii) बैगा (iv) मुंडा

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. अंग्रेज़ों ने आदिवासियों को ..... के रूप में वर्णित किया। S.St 814
5. झूम खेती में बीज बोने के तरीके को ..... कहा जाता है। S.St 814
6. मध्य भारत में ब्रिटिश भूमि बंदोबस्त के अंतर्गत आदिवासी मुखियाओं को ..... स्वामित्व मिल गया। S.St 814
7. असम के ..... और बिहार की ..... में काम करने के लिए आदिवासी जाने लगे। S.St 814
8. बिरसा का जन्म ..... के दशक के मध्य में हुआ। S.St 814

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

9. झूम काश्तकार ज़मीन की जुताई करते हैं और बीज रोपते हैं। S.St 814
10. व्यापारी संथालों से कृमिकोष खरीदकर उसे पांच गुणा ज्यादा कीमत पर बेचते थे। S.St 814
11. बिरसा ने अपने अनुयायियों का आह्वान किया कि वे अपना शुद्धिकरण करें, शराब पीना छोड़ दें और डायन व जादू–टोने जैसी प्रथाओं में यकीन न करें। S.St 814
12. अंग्रेज़ आदिवासियों की जीवन पद्धति को बचाए रखना चाहते थे। S.St 814

मिलान करो :– **सीखने के प्रतिफल**

13. S.St 814

(i) परती	(i) एक फूल जिसे खाया जाता है या शराब बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है
(ii) साल	(ii) मिट्टी को उपजाऊ बनाए रखने के लिए कुछ समय के लिए खेती छोड़ना
(iii) महुआ	(iii) विष्णु की पूजा करने वाले
(iv) वैष्णव	(iv) एक पेड़

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

14. झूम खेती को और किस नाम से जाना जाता है? S.St 814
15. वर्ली विद्रोह कब और कहाँ हुआ? S.St 814
16. बस्तर विद्रोह कब हुआ? S.St 814
17. विष्णु की पूजा करने वाले क्या कहलाते हैं? S.St 814

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

18. ब्रिटिश शासन में घुमंतू काश्तकारों के सामने कौन सी समस्याएँ थी? S.St 814
19. औपनिवेशिक शासन के तहत आदिवासी मुखियाओं की ताकत में क्या बदलाव आए ? S.St 814
20. झूम खेती क्या है ? S.St 814

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

21. दीकुओं से आदिवासियों के गुस्से के क्या कारण थे ? S.St 814
22. बिरसा की कल्पना में स्वर्णिम युग किस तरह का था ? आपकी राय में यह कल्पना लोगों को इतनी आकर्षक क्यों लग रही थी ? S.St 814
23. बिरसा द्वारा चलाया गया आंदोलन किन मायनों में महत्वपूर्ण था ? S.St 814

अध्याय संख्या – 5
अध्याय का नाम – जब जनता बगावत करती है, 1857 और उसके बाद

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. युवा सिपाही मंगल पांडे को फांसी कब दी गई ? S.St 816
   (i) 29 मार्च 1847 (ii) 29 मार्च 1857 (iii) 29 अप्रैल 1847 (iv) 29 अप्रैल 1857
2. रानी लक्ष्मीबाई को कब मारा गया ? S.St 816
   (i) अप्रैल 1857 (ii) अप्रैल 1858 (iii) जून 1857 (iv) जून 1858
3. बहादुर शाह जफ़र की मृत्यु कब हुई ? S.St 816
   (i) नवंबर 1842 (ii) नवंबर 1852 (iii) नवंबर 1862 (iv) नवंबर 1872

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. ताँत्या टोपे मध्य भारत के जंगलों में रहते हुए ..... और ..... की सहायता से छापामार युद्ध चलाते रहे। S.St 816

5. मंगल पांडे को बैरकपुर में अपने ..... पर हमला करने के आरोप में फांसी पर लटका दिया गया। S.St 816
6. रानी लक्ष्मीबाई ने नाना साहेब के सेनापति ..... के साथ मिलकर अंग्रेजों को भारी चुनौती दी। S.St 816
7. बेगम ज़ीनत महल को अक्तूबर 1858 में ..... जेल में भेज दिया गया। S.St 816

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

8. सितम्बर 1857 में दिल्ली दोबारा अंग्रेजों के कब्जे में आ गई। S.St 816
9. ब्रिटिश संसद ने 1858 में एक नया कानून पारित किया और ईस्ट इंडिया कंपनी के सारे अधिकार ब्रिटिश साम्राज्य के हाथ में सौंप दिए। S.St 816

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

10. सैनिक विद्रोह क्या होता है ? S.St 816
11. अंतिम मुगल बादशाह कौन थे ? S.St 816
12. बहादुर शाह ज़फ़र की मृत्यु कब हुई? S.St 816

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

13. कंपनी के तहत काम करने वाले भारतीय सिपाहियों के असंतोष के क्या कारण थे ? S.St 816
14. ईसाई धर्म अपनाने वालों के हितों की रक्षा के लिए अंग्रेजों ने क्या किया ? S.St 816
15. सिपाहियों को नये कारतूसों पर क्यों एतराज था ? S.St 816
16. मई 1857 से पहले भारत में अपनी स्थिति को लेकर अंग्रेज़ शासकों के आत्मविश्वास के क्या कारण थे ? S.St 816
17. बहादुर शाह ज़फ़र द्वारा विद्रोहियों को समर्थन दे देने से जनता और राज परिवारों पर क्या असर पड़ा ? S.St 816
18. अवध के बागी भूस्वामियों से समर्पण करवाने के लिए अंग्रेज़ों ने क्या किया ? S.St 816

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

19. 1857 की बगावत के फलस्वरूप अंग्रेजों ने अपनी नीतियां किस तरह बदलीं ? S.St 816
20. 1857 के विद्रोह की असफलता के क्या कारण थे? S.St 816

अध्याय– 6
अध्याय का नाम – उपनिवेशवाद और शहर, एक शाही राजधानी की कहानी

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. ऐसी प्रक्रिया को क्या कहा जाता है जिसमें अधिक से अधिक लोग शहरों और कस्बों में जाकर रहने लगते हैं ? S.St 817
   (i) विशहरीकरण (ii) औद्योगीकरण (iii) शहरीकरण (iv) इनमें से कोई नहीं
2. 1877 में वायसरॉय लिटन ने किसे भारत की मलिका घोषित करने के लिए एक दरबार का आयोजन किया ? S.St 817
   (i) जीनत महल (ii) रानी विक्टोरिया (iii) रानी एलिजाबेथ (iv) इनमें से कोई नहीं

3. 'गुलफ़रोशान' को किस त्योहार के नाम से जाना जाता है? S.St 817
(i) पत्तों का त्योहार (ii) फूलों का त्योहार (iii) माधी का त्योहार (iv) फलों का त्योहार

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. सफलतापूर्वक गुंबद का इस्तेमाल करने वाली पहली इमारत ..... थी। S.St 817
5. नई दिल्ली और शाहजहाँबाद की रूप रेखा तय करने वाले दो वास्तुकार ..... और .....थे। S.St 817
6. अंग्रेज भीड़ भरे स्थानों को ..... मानते थे। S.St 817
7. ..... के नाम से 1888 में एक विस्तार योजना तैयार की गई। S.St 817

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

8. पश्चिमी विश्व में आधुनिक शहर औद्योगीकरण के साथ विकसित हुए। S.St 817
9. सूरत और मछलीपट्नम का उन्नीसवीं शताब्दी में विकास हुआ। S.St 817
10. बीसवीं शताब्दी में भारत की ज़्यादातर आबादी शहरों में रहती थी। S.St 817
11. 1857 के बाद जामा मस्जिद में पांच साल तक नमाज नहीं हुई। S.St 817

मिलान करो :– **सीखने के प्रतिफल**

12. S.St 817

(i) लाहौर गेट सुधार योजना	सन् 1936
(ii) भारत का विभाजन	सन् 1824
(iii) दिल्ली सुधार ट्रस्ट	सन् 1888
(iv) दिल्ली कॉलेज की स्थापना	सन् 1947

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

13. उन दो वास्तुकारों के नाम बताओ जिनको दिल्ली और उसकी इमारतों का डिजाइन तैयार करने का जिम्मा सौंपा गया ? S.St 817
14. दिल्ली से पहले ब्रिटिश भारत की राजधानी कहाँ थी ? S.St 817
15. कलकत्ता के बाद ब्रिटिश भारत की राजधानी कहाँ बनाई गई ? S.St 817
16. दिल्ली सुधार ट्रस्ट का गठन कब किया गया ? S.St 817
17. पुनर्जागरण किसे कहा जाता है? S.St 817

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

18. विशहरीकरण का क्या मतलब है ? S.St 817
19. शहरीकरण का क्या मतलब है ? S.St 817
20. अंग्रेजों ने दिल्ली में ही विशाल दरबार क्यों लगाया जबकि दिल्ली राजधानी नहीं थी ? S.St 817
21. दिल्ली सुधार ट्रस्ट योजना के तहत क्या–क्या कार्य किए गए ? S.St 817

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

22. पुराना दिल्ली शहर ब्रिटिश शासन के तहत किस तरह बदलता गया ? S.St 817
23. विभाजन से दिल्ली के जीवन पर क्या असर पड़ा ? S.St 817
24. औपनिवेशिक शासन क्या था? औपनिवेशिक शासन में शहरों में क्या बदलाव हुए। दिल्ली के सन्दर्भ में एक वृत्तांत लिखें।

अध्याय – 7
अध्याय का नाम – बुनकर, लोहा बनाने वाले और फैक्ट्री मालिक

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1.. उत्तर भारत में बुनकर किसे कहा जाता था ? S.St 817

(i) साले या कैकोल्लार (ii) देवांग

(iii) जुलाहे या मोमिन (iv) तेली

2. कौन सी शताब्दी में यूरोप की व्यापारिक कंपनिया यूरोप में बेचने के लिए भारतीय कपड़े खरीदने लगे थे ? S.St 817

(i) 15 वी० शताब्दी (ii) 16 वी० शताब्दी

(iii) 17 वी० शताब्दी (iv) 18 वी० शताब्दी

3. स्पिनिंग जैनी का आविष्कार कब हुआ ? S.St 817

(i) सन् 1760 (ii) सन् 1762 में (iii) सन् 1764 में (iv) सन् 1766 में

4. भारत में पहली सूती कपड़ा मिल कब स्थापित हुई ? S.St 817

(i) सन् 1844 में (ii) सन् 1854 में (iii) सन् 1864 में (iv) सन् 1874 में

5. टीपू सुलतान की तलवार कौन से स्टील से बनी थी ? S.St 817

(i) स्टेनलेस स्टील (ii) हॉट रोल्ड स्टील (iii) वुट्ज स्टील (iv) थ्रेड रेड स्टील

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

6. टीपू की तलवार .....स्टील से बनी थी ? S.St 817

7. 1850 के दशक में ब्रिटेन का लोहा एवम् इस्पात उद्योग ..... कहलाने लगा। S.St 817

8. ..... हवा फैंकने का यंत्र है ? S.St 817

9. भारत का कपड़ा निर्यात ..... सदी में गिरने लगा। S.St 817

10. ब्रिटिश सरकार ने इंग्लैंड में .....कपड़े के इस्तेमाल पर पाबन्दी लगाने के लिए कानून बनाया। S.St 817

11. वाष्प इंजन का अविष्कार ..... ने किया। S.St 817

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

12. फारसी भाषा में गोदाम को मोमिन कहा जाता था। S.St 817

13. टीपू सुल्तान की तलवार वुट्ज स्टील से बनी थी। S.St 817

14. टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी (TISCO) में स्टील का उत्पादन सन 1812 में होने लगा। S.St 817

मिलान करो :– **सीखने के प्रतिफल**

15. S.St 817

(i) ब्रिटेन	हवा फैंकने वाला यंत्र
(ii) जुलाहे	दुनिया का कारखाना
(iii) धौंकनी	गोदाम
(iv) औरांग	बुनकर

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

16. बंडाना से क्या अभिप्राय है? S.St 817
17. जामदानी क्या है ? S.St 817
18. यूरोप की व्यापारिक कंपनिया यूरोप में बेचने के लिए भारतीय कपड़े क्यों खरीदने लगे? S.St 817
19. स्पिनिंग जैनी से आपका क्या अभिप्राय है ? S.St 817
20. पहला विश्व युद्ध कब शुरू हुआ ? S.St 817

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

21. 19 वी० सदी में भारतीय लोह प्रगलन उद्योग का पतन क्यों हुआ ? S.St 817
22. ब्रिटेन में कपास उद्योग के विकास से भारत के कपड़ा उत्पादकों पर किस तरह के प्रभाव पड़े। S.St 817
23. पहले विश्व युद्ध के दौरान टिस्को को किस बात से मदद मिली ? S.St 817

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

24. भारतीय वस्त्र उद्योग को अपने शुरूआती सालों में किन समस्याओं से जूझना पड़ा ? विस्तार से लिखें। S.St 817
25. इंग्लैंड के ऊन और रेशम उत्पादकों ने 18वीं सदी की शुरुआत में भारत से आयात होने वाले कपड़े का विरोध क्यों किया गया ? S.St 817

अध्याय – 08

अध्याय का नाम – ''देशी जनता'' को सभ्य बनाना राष्ट्र को शिक्षित करना

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. ''शांतिनिकेतन'' के संस्थापक कौन थे ? S.St 818
   (i) राजा राम मोहन राय (ii) महात्मा गाँधी
   (iii) स्वामी दयानंद सरस्वती (iv) रवीन्द्रनाथ टैगोर
2. विलियम जोन्स ने ऑक्सफोर्ड में कौन सी भाषाओं का अध्ययन किया ? S.St 818
   (i) ग्रीक और लैटिन (ii) फ्रेंच और लैटिन
   (iii) जर्मन और लैटिन (iv) हिंदी और लैटिन
3. अरबी, फारसी तथा इस्लामिक कानून को बढ़ावा देने के लिए कलकत्ता में मदरसा कब खोला गया।
   (i) सन् 1761 में (ii) सन् 1771 में (iii) सन् 1781 में (iv) सन् 1791 में S.St 818
4. ''अंग्रेजी शिक्षा ने हमें गुलाम बना दिया'' ये कथन किसके थे ? S.St 818
   (i) महात्मा गाँधी और रविन्द्रनाथ टैगोर (ii) सरदार पटेल और सुभाष चन्द्र बोस
   (iii) भगत सिंह और राजगुरु (iv) स्वामी विवेकानंद और राजा राम मोहन राय
5. रविन्द्रनाथ टैगोर ने 1901 में कौन सी संस्था की स्थापना की थी ? S.St 818
   (i) साबरमती आश्रम (ii) शांतिनिकेतन
   (iii) विश्व हिन्दू परिषद् (iv) नारीनिकेतन

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

6. कई भाषाओं के जानकार को ..... कहते हैं ? S.St 818
7. विलियम जोन्स ने ..... भाषाओं का अध्ययन किया। S.St 818
8. ''शांतिनिकेतन'' के संस्थापक..... थे। S.St 818

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

9. रविन्द्रनाथ टैगोर को लगता था कि बच्चों पर सख्त अनुशासन होना चाहिए। S.St 818
10. एशिया की भाषा और संस्कृति का गहन ज्ञान रखने वाले लोगों को प्राच्यवादी कहा जाता था। S.St 818
11. जेम्स मिल प्राच्यवादियों के घोर आलोचक थे। S.St 818

मिलान करो :– **सीखने के प्रतिफल**

12. S.St 818

(i) प्राच्यवादी	ऐसा व्यक्ति जो फारसी पढ़ना, लिखना जानता हो
(ii) मदरसा	एशिया की भाषा का गहन ज्ञान रखने वाला
(iii) मुंशी	एक ऐसा व्यक्ति जो कई भाषाओं का ज्ञाता हो
(iv) भाषाविद	अरबी भाषा में सीखने का स्थान

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

13. प्राच्यवादी कौन थे ? S.St 818
14. अंग्रजों ने 'शिक्षा अधिनियम' कब पारित किया? S.St 818
15. ''साक्षरता ही शिक्षा नहीं है'' यह किसका कथन है? S.St 818

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

16. जेम्स मिल और टॉमस मेकॉले ऐसा क्यों सोचते थे की भारत में यूरोपीय शिक्षा अनिवार्य है? S.St 818
17. ''शांतिनिकेतन'' की स्थापना किसने और किन उद्देश्यों को ले कर की थी ? S.St 818
18. विलियम जोन्स को भारतीय इतिहास, दर्शन और कानून का अध्ययन क्यों जरुरी दिखाई दिया था? S.St 818

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

19. महात्मा गाँधी ऐसा क्यों सोचते थे कि अंग्रेजी शिक्षा ने भारतीयों को गुलाम बना लिया है? S.St 818
20. महात्मा गाँधी द्वारा दी गई शिक्षाएं हमें किस प्रकार से प्रेरित करती हैं? S.St 818

अध्याय संख्या – 9
अध्याय का नाम – महिलाएं जाति एवम् सुधार

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. विधवा विवाह के पक्ष में कानून कब पारित किया गया ? S.St 819
   (i) सन् 1856 में (ii) सन् 1754 में (iii) सन् 1956 में (iv) सन् 1826 में
2. ब्रह्म समाज की स्थापना किसने की ? S.St 819
   (i) स्वामी विवेकानंद ने (ii) महात्मा बुद्ध ने (iii) महात्मा गाँधी ने (iv) राजा राम मोहन राय ने
3. सती प्रथा पर पाबन्दी कब लगाई गई थी ? S.St 819
   (i) सन् 1819 में (ii) सन् 1829 में (iii) सन् 1839 में (iv) सन् 1849 में
4. आर्य समाज की स्थापना किसने की थी ? S.St 819
   (i) राजा राम मोहन राय ने (ii) स्वामी दयानंद सरस्वती ने
   (iii) स्वामी विवेकानंद ने (iv) भगत सिंह ने
5. बाल विवाह निषेध अधिनियम कब पारित किया गया ? S.St 819
   (i) सन् 1926 में (ii) सन् 1927 में (iii) सन् 1928 में (iv) सन् 1929 में

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

6. ज्योतिराव फुले ने 'गुलामगिरी' नामक किताब सन् ..... में लिखी थी। S.St 819
7. सती प्रथा पर पाबन्दी सन् ..... में लगी थी। S.St 819
8. प्रार्थना समाज की स्थापना सन् ..... में हुई थी। S.St 819

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

9. बाल विवाह निषेध अधिनियम 1829 में पारित किया गया था। S.St 819
10. सिखों के सुधारवादी संगठन के रूप में सिंह सभाओं की स्थापना सन् 1863 में हुई थी। S.St 819
11. वेद समाज, ब्रह्म समाज से प्रेरित था। S.St 819

मिलान करो :– **सीखने के प्रतिफल**

12. S.St 819

(i) सती प्रथा पर पाबन्दी लगी	सन् 1929 में
(ii) विधवा विवाह के पक्ष में कानून बना	सन् 1830 में
(iii) बाल विवाह निषेध अधिनियम पारित हुआ	सन् 1829 में
(iv) ब्रह्म समाज की स्थापना हुई	सन् 1856 में

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

13. ब्रह्म समाज की स्थापना कब और किसने की थी ? S.St 819
14. समाज सुधार के लिए वेद समाज की मुख्य शिक्षाएं क्या थीं ? S.St 819
15. सिंह सभाओं की स्थापना कब और कहाँ हुई ? S.St 819

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

16. प्राचीन ग्रंथो के ज्ञान से सुधारकों को नए कानून बनवाने में किस तरह मदद मिली ? S.St 819
17. मंदिर प्रवेश आन्दोलन के जरिए अम्बेडकर क्या हासिल करना चाहते थे ? S.St 819
18. ईसाई प्रचारकों की बहुत सारे लोग क्यों आलोचना करते थे, कारण बताएँ। S.St 819

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

19. वेद समाज की स्थापना कब और किसने की ? वेद समाज की स्थापना के मुख्य उद्देश्यों के बारे में विस्तार से लिखें। S.St 819
20. स्वामी विवेकानंद के जीवन वत्तान्त पर निबन्ध लिखों। S.St 819

अध्याय – 10
अध्याय का नाम –दृश्य कलाओं की बदलती दुनिया

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. 'भित्ति चित्र' क्या है ? S.St 820
   (i) कागज पर बना हुआ चित्र (ii) कपड़े पर बना हुआ चित्र
   (iii) दीवार पर बना हुआ चित्र (iv) लकड़ी पर बना हुआ चित्र
2. 'रूप चित्रण' किसे कहते है ? S.St 820
   (i) मिट्टी के बर्तन बनाने की कला (ii) कपड़ा बनाने की कला
   (iii) पोर्ट्रेट बनाने की कला (iv) खिलौने बनाने की कला
3. साम्राज्यवादी कला की एक और श्रेणी को क्या कहा जाता था ? S.St 820
   (i) इतिहास की चित्रकारी (ii) दर्शन शास्त्र की चित्रकारी
   (iii) शिक्षा तकनीक की चित्रकारी (iv) अर्थशास्त्र की चित्रकारी

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. पोर्ट्रेट बनाने की कला को .....कहते है। S.St 820
5. लकड़ी या धातु के छापे से कागज पर बनाई गई तस्वीर को ..... कहते हैं। S.St 820
6. दीवार पर बने चित्र को ..... चित्र कहते है। S.St 820

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

7. प्रसिद्ध चित्रकार योहान जोफनी 1780 के दशक में भारत आये थे। S.St 820
8. रविन्द्रनाथ टैगोर के भतीजे का नाम अबनिंद्रनाथ टैगोर था। S.St 820
9. विक्टोरिया टर्मिनस (बम्बई) रेलवे का निर्माण 1868 से 1878 के मध्य हुआ। S.St 820

मिलान करो :– **सीखने के प्रतिफल**

10. S.St 820

(i) उत्कीर्ण चित्र	दीवार पर बना चित्र बनाई गयी तस्वीर
(ii) रूप चित्रण	कागज के लम्बे रोल पर बनाई गयी पेंटिंग
(iii) भित्ति चित्र	लकड़ी या धातु के छापे से कागज पर
(iv) खर्रा चित्र	पोर्ट्रेट बनाने की कला

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

11. कागज़ के लम्बे रोल पर बनाई गयी पेंटिंग को क्या कहा जाता था ? S.St 820
12. कलाकारों के लिए जीवन अध्ययन क्या था ? S.St 820
13. खर्रा चित्रकार और कुम्हार कलाकार कालीघाट क्यों आए ? S.St 820
14. रूप चित्रण तथा भित्ति चित्र में क्या अन्तर है? स्पष्ट करें। S.St 820

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

15. राजा रवि वर्मा के चित्रों को राष्ट्रवादी भावना वाले चित्र कैसे कहा जा सकता है? S.St 820
16. भारत में ब्रिटिश इतिहास के चित्रों में साम्राज्यवादी विजेताओं के रवैये को किस तरह दर्शाया जाता था ? S.St 820

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

17. कुछ कलाकारों ने सस्ती कीमत वाले छपे हुए चित्र क्यों बनाएं ? इस तरह के चित्रों को देखने से लोगों के मस्तिष्क पर क्या असर पड़ते थे ? S.St 820
18. दरबारी कलाकार किस प्रकार से राजा के सरंक्षण में कार्य करते थे? औपनिवेशिक शासन में दरबारी कलाकारों का क्या हुआ? S.St 820

अध्याय – 11
अध्याय का नाम–राष्ट्रीय आन्दोलन का संघटनः 1870 के दशक से 1947 तक

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. ''स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मै इसे लेकर रहूँगा'' यह नारा किसने दिया था? S.St 821
   (i) बाल गंगाधर तिलक (ii) विपिन चन्द्र पाल
   (iii) लाला लाजपत राय (iv) सुभाषचंद्र बोस
2. आर्म्स एक्ट कब पारित किया गया था ? S.St 821
   (i) सन् 1818 में (ii) सन् 1838 में (iii) सन् 1858 में (iv) सन् 1878 में
3. किस एक्ट ने भारतीयों द्वारा अपने पास हथियार रखने का अधिकार छीन लिया ? S.St 821
   (i) पोक्सो एक्ट (ii) रॉलट एक्ट (iii) आर्मस एक्ट (iv) भूमि सुधार एक्ट

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. रूस की क्रांति सन् ..... में हुई थी। S.St 821
5. बाहरी हस्तक्षेप के बिना स्वतंत्र रूप से कदम उठाने की क्षमता को .....कहते हैं। S.St 821
6. गाँधी जी ने सन 1919 में ..... कानून के खिलाफ सत्याग्रह किया। S.St 821

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

7. पूर्ण स्वराज के लिए गाँधी जी ने सन् 1930 में दांडी मार्च का ऐलान किया था। S.St 821
8. आर्म्स एक्ट 1868 में पारित किया गया। S.St 821
9. आल इंडिया मुस्लिम लीग का गठन सन् 1906 में हुआ। S.St 821

मिलान करो :– **सीखने के प्रतिफल**

10. S.St 821

(i) सम्प्रभु	किसी कानून को समाप्त करना
(ii) प्रचारक	प्रशासकीय, सलाहकारी या प्रातिनिधिक दायित्वों को निभाने वाली निर्वाचित संस्था
(iii) निरस्त करना	बाहरी हस्तक्षेप के बिना स्वतंत्र रूप से कदम उठाने की क्षमता
(iv) परिषद्	ऐसा व्यक्ति जो रिपोर्ट्स, बैठकों में भाषण आदि के जरिए सूचना का प्रचार प्रसार करता हो

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

11. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना कब और कहाँ हुई? S.St 821
12. घेरेबंदी से क्या अभिप्राय है? S.St 821
13. बंगाल का विभाजन कब और किसने किया? S.St 821
14. सविनय अवज्ञा आन्दोलन कब शुरु हुआ? S.St 821
15. जलियाँवाला बाग हत्याकांड कब और कहाँ हुआ? S.St 821

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

16. रॉलट सत्याग्रह के क्या कारण थे? S.St 821
17. जलियाँवाला बाग हत्याकांड के बारे में विस्तार से लिखे। S.St 821
18. असहयोग आन्दोलन के क्या कारण थे? S.St 821
19. दांडी मार्च कब और किन उद्देश्यों को लेकर हुई? S.St 821

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

20. सन् 1870 और सन् 1880 के दशकों में लोग ब्रिटिश शासन से क्यों असंतुष्ट थे? S.St 821
21. पहले विश्वयुद्ध से भारत पर कौन से आर्थिक असर पड़े? S.St 821
22. मध्यमार्गी कौन थे? वे ब्रिटिश शासन के खिलाफ किस तरह का संघर्ष करना चाहते थे? S.St 821

अध्याय – 12
अध्याय का नाम – स्वतंत्रता के बाद

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. भारत को ब्रिटिश शासन से कब मुक्ति प्राप्त हुई ? S.St 822
   (i) सन् 1948 में (ii) सन् 1947 में (iii) सन् 1948 में (iv) सन् 1950 में
2. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार किस आयु से शुरू होता है ? S.St 822
   (i) 15 वर्ष (ii) 18 वर्ष (iii) 21 वर्ष (iv) 24 वर्ष
3. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई ? S.St 822
   (i) 24 अक्टूबर 1945 में (ii) 24 अक्टूबर 1947 में
   (iii) 24 अक्टूबर 1949 में (iv) 24 अक्टूबर 1951 में

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. भिलाई स्थित इस्पात संयंत्र कारखाना सन् ..... में स्थापित हुआ। S.St 822
5. ..... के दशक में बहुत सारे देश गुट निरपेक्ष आन्दोलन के सदस्य बन चुके थे। S.St 822
6. भारत का संविधान सन् ..... में लागू हुआ। S.St 822

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

7. दूसरी पंचवर्षीय योजना में भारी उद्योगों के विकास पर जोर दिया गया था। S.St 822
8. भारत – पाक विभाजन के समय 2 करोड़ शरणार्थी पाकिस्तान से भारत आये थे। S.St 822
9. संविधान सभा कांग्रेस पार्टी के सदस्यों से मिलकर बनी थी। S.St 822

मिलान करो :– **सीखने के प्रतिफल**

10. S.St 822

(i) भारत आजाद हुआ	24 अक्टूबर 1945
(ii) भारत का संविधान लागू हुआ	30 जनवरी 1948
(iii) संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई	15 अगस्त 1947
(iv) महात्मा गाँधी की मृत्यु	26 जनवरी 1950

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

11. एक कारण बताएँ की आजादी के बाद भी भारत में अंग्रेजी क्यों जारी रही ? S.St 822
12. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार से आप क्या समझते हैं ? S.St 822
13. दूसरी पंचवर्षीय योजना किन उद्देश्यों को लेकर बनी थी ? S.St 822

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

14. पहले राष्ट्रीय चुनावों में केवल पुरूषों को ही वोट डालने का अधिकार क्यों दिया गया था ? S.St 822
15. नवस्वाधीन भारत के सामने कौन सी तीन समस्याएँ थी ? S.St 822

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

16. आज़ादी के बाद प्रारंभिक दशकों में भारत के आर्थिक विकास की कल्पना किस तरह की गई थी ? S.St 822
17. "राजनीति में हमारे पास समानता होगी और सामाजिक एवम् आर्थिक जीवन में हम असमानता की राह पर चलेंगे" कहने के पीछे डॉ अम्बेडकर का क्या आशय था ? S.St 822
18. भारतीय संविधान की किन्ही 4 विशेषताओं का विस्तार से वर्णन करें। S.St 822

सामजिक और राजनीतिक जीवन – 3
अध्याय – 1
अध्याय का नाम – भारतीय संविधान

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने किस वर्ष में संविधान सभा के गठन की मांग को अपनी अधिकृत नीति में शामिल किया। S.St 823

   (i) 1946 (ii) 1949 (iii) 1934 (iv) 2000

2. भारत में सभी व्यक्तियों को समानता का अधिकार कौन देता है। S.St 823

   (i) प्रधान मंत्री (ii) राष्ट्रपति (iii) भारतीय संविधान (iv) इन में से कोई नही

3. भारतीय संविधान का जनक किसे माना जाता है। S.St 823

   (i) बाबा साहेब अम्बेडकर (ii) पंडित जवाहर लाल नेहरु

   (iii) महात्मा गाँधी (iv) सरदार पटेल

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. भारतीय राज्य के तीन अंग ..... ,..... और ..... है। S.St 823
5. भारतीय संविधान सभा का प्रथम अधिवेशन सन्..... में हुआ। S.St 823
6. नेपाल में लोकतंत्र की स्थापना सन् ..... में हुए। S.St 823

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

7. लोकतंत्र में हम अपना नेता खुद नहीं चुन सकते। S.St 823
8. जब संविधान सभा ने सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार के सिद्धांत को स्वीकृति दी तो ए. के. अय्यर सभा के सदस्य थे। S.St 823
9. 14 साल से अधिक आयु के लोग वोट डाल सकते हैं। S.St 823

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

10. संविधान से क्या अभिप्राय है ? S.St 823
11. वोट डालने के लिए न्यूनतम आयु क्या है ? S.St 823
12. शोषण के विरुद्ध अधिकार किस अनुच्छेद में दिए हैं ? S.St 823, 824
13. समानता के अधिकार से आप क्या समझते हैं। S.St 823, 824

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

14. नेपाल में पहले ही संविधान था, तो उसे नये संविधान की आवश्यकता क्यों पड़ी ? S.St 823
15. संघवाद क्या है? S.St 823
16. मौलिक अधिकारों से आप क्या समझते हैं ? S.St 823, 824

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

17. भारत के संविधान से सम्बन्धित तीन बातें लिखें। S.St 823
18. किसी भी देश के लिए संविधान की आवश्यकता क्यों है? S.St 823
19. भारत के संविधान में नागरिकों को दिए गए मौलिक अधिकार कौन से है? विस्तार से लिखें। S.St 823, 824

अध्याय – 2
अध्याय का नाम – धर्म निरपेक्षता की समझ

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. हिटलर ने किस देश के यहूदियों पर अत्याचार किये। S.St 823
   (i) भारत (ii) जापान (iii) जर्मनी (iv) बांग्ला देश
2. कौन से देश ने फरवरी 2004 में विद्यार्थियों पर इस्लामी बुरका, यहूदी टोपी या बड़े ईसाई क्रॉस धारण करने पर पाबन्दी लगाई ? S.St 823
   (i) ब्राजील (ii) भारत (iii) पाकिस्तान (iv) फ्रांस

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

3. ..... देश के सरकारी स्कूल के बच्चे सुबह वफादारी की शपथ लेते हैं। S.St 823
4. भारत एक ..... राज्य है। S.St 823
5. फ्रांस में सन् ..... में बुरका न बाँध कर स्कूल आने का कानून बनाया गया। S.St 823
6. धर्मनिरपेक्षता का अधिकार भारत के संविधान के अनुच्छेद ..... में वर्णित है। S.St 823

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

6. जर्मनी में बहुत से लोगों को धर्म के आधार पर मारा गया। S.St 823
7. सऊदी अरब में गैर मुसलमानों को मंदिर बनाने की छूट है। S.St 823
8. अमेरिका के सरकारी स्कूल में दी जाने वाली शपथ में "ईश्वर की छत्रछाया" शब्द आता है। S.St 823

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

9. धर्म निरपेक्षता क्या है। S.St 823
10. भारत में जिन अन्य धर्मो के त्योहारों को मनाया जाता है, उनके नाम लिखें। S.St 823
11. अमानवीय व्यवहार से क्या अभिप्राय है ? S.St 823

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

12. धर्म को राज्य से अलग रखना क्यों महत्वपूर्ण है ? S.St 823
13. धर्म निरपेक्षता क्या है ? S.St 823
14. भारत देश में कौन–कौन से धर्म हैं ? भारत में सभी धर्मों को किस तरह समानता दी गयी है। S.St 823

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

15. भारतीय धर्म निरपेक्षता दूसरे लोकतान्त्रिक देश की धर्म निरपेक्षता से किस तरह अलग है ? S.St 823
16. फ्रांस में फरवरी 2004 में स्कूल सम्बन्धी कौन सा नया कानून बनाया गया। S.St 823
17. किस व्यक्ति को जाति, धर्म के नाम पर कोई अधिकार न देना अनुचित है और क्यों ? अपने शब्दों में लिखिए। S.St 823

अध्याय – 3
अध्याय का नाम – हमें संसद क्यों चाहिए?

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. हमारा देश आज़ाद कब हुआ ? S.St 828
   (i) 15 अगस्त 1947 (ii) 26 जनवरी 1947 (iii) 15 अप्रैल 1950 (iv) इन में से कोई नही
2. इलेक्ट्रिक वोटिंग मशीन का उपयोग भारत में पहली बार कब हुआ। S.St 828, 827
   (i) 2001 (ii) 2002 (iii) 2003 (iv) 2004
3. राज्य सभा के कुल कितने सदस्य होते हैं। S.St 828, 827
   (i) 240 (ii) 245 (iii) 345 (iv) 248

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. राज्य सभा का सभापति ..... होता है। S.St 8287
5. लोक सभा में कुल ..... सदस्य होते हैं। S.St 828, 827
6. राज्य सभा में ..... सदस्य राष्ट्रपति के द्वारा मनोनीत किये जाते हैं। S.St 828

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

7. भारत का राष्ट्रपति लोकसभा में सत्ताधारी दल का मुखिया होता है। S.St 828, 827
8. राज्य सभा में 245 निर्वाचित सदस्य होते हैं। S.St 828
9. 2019 में 17वें लोक सभा चुनाव होंगे। S.St 828, 827

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

10. 1000 रु का नोट कब जारी किया गया था ? S.St 828, 827
11. भारत में सरकार को बहुमत हासिल करने के लिए कम से कम कितने सदस्य होने चाहिए ? S.St 828, 827
12. भारतीय संसद में कितने सदन होते है? उनके नाम बताओ। S.St 828, 827

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

13. संसद किसे कहते हैं ? S.St 828, 827
14. विपक्षी दल क्या है ? S.St 828, 827
15. कार्य पालिका का क्या कार्य है ? S.St 828, 827
16. राज्यसभा तथा लोकसभा में क्या अंतर है? S.St 828, 827

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

17. राज्य विधान सभा और संसद (लोकसभा) में क्या अंतर है ? S.St 826
18. गठबंधन से आप क्या समझते हैं ? S.St 828, 827
19. विधायक कौन होता है और उसका चुनाव कैसे होता है ? S.St 828, 827
20. केंद्र सरकार का गठन कैसे होता है? सरकार को बहुमत हासिल करने के लिए कितने सदस्यों की आवश्यकता होती है? S.St 828, 827

अध्याय – 4
अध्याय का नाम – कानूनों की समझ

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. भारत में रॉलट एक्ट को कब लागू किया– S.St 829
   (i) 13 अप्रैल 1919 (ii) 10 मार्च 1919 (iii) 15 मार्च 1919 (iv) इन में से कोई नहीं
2. नागरिक अधिकार कानून कब पारित किया गया है? S.St 829
   (i) सन् 1944 (ii) सन् 1954 (iii) सन् 1964 (iv) सन् 1974

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

3. .....वर्ष में जलियाँवाला बाग हत्या कांड हुआ। S.St 829
4. रॉलट एक्ट सन् ..... में लागू किया गया। S.St 829

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

5. कानून राष्ट्रपति पर लागू नहीं होता। S.St 829
6. कानून में धर्म जाति का भेदभाव नहीं किया जाता। S.St 829
7. 1880 में राजद्रोह कानून बना। S.St 829
8. जलियाँवाला बाग पर नाथूराम गोड़से ने गोलियाँ चलाई। S.St 829

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

9. 'आलोचना' से क्या अभिप्राय है? S.St 829
10. कानून के शासन से आप क्या समझते हैं ? S.St 829
11. राजद्रोह एक्ट क्या है ? S.St 829
12. भारत में कानून का शासन किसने शुरू किया ? S.St 829

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

13. 1870 के राजद्रोह कानून को मनमाना क्यों मानते हैं ? S.St 829
14. क्या आप ऐसा कानून जानते हैं, जिसका भारत या किसी अन्य देश के लोग विरोध कर रहे हों? S.St 829
15. दमनकारी शब्द से आप क्या समझते हैं ? S.St 829

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

16. घरेलू हिंसा क्या है? हिंसा की शिकार महिलाओं को नए कानून से कौन से दो मुख्य अधिकार प्राप्त हुए। S.St 829
17. कानून का शासन पद से आप क्या समझते हो। S.St 829
18. नए कानून कैसे बनते हैं। संसद में इस प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से लिखें। S.St 829

अध्याय – 5
अध्याय का नाम – न्यायपालिका

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. संविधान के कौन से अनुच्छेद में सभी नागरिकों को जीवन और स्वास्थ्य का अधिकार दिया गया है– S.St 830

   (i) अनुच्छेद 25 (ii) अनुच्छेद 30 (iii) अनुच्छेद 21 (iv) अनुच्छेद 28

2. भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना कब हुई थी ? S.St 830

   (i) 25 जनवरी 1950 (ii) 30 जनवरी 1948 (iii) 26 जनवरी 1947 (iv) 26 जनवरी 1950

3. सर्वोच्च न्यायालय कहाँ स्थित है ? S.St 830

   (i) दिल्ली (ii) मुंबई (iii) पुणे (iv) चेन्नई

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. देश के ..... सर्वोच्च न्यायालय के मुखिया होते हैं। S.St 830
5. पंजाब और हरियाणा का साँझा उच्च न्यायालय ..... में है। S.St 830
6. संविधान की व्याख्या का अधिकार मुख्य रूप से ..... के पास होता है। S.St 830

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

7. दिल्ली उच्च न्यायालय का गठन 1966 में हुआ था। S.St 830
8. भारत में एकीकृत न्यायिक व्यवस्था नहीं है। S.St 830
9. फौजदारी कानून ऐसे व्यवहार या क्रियाओं से सम्बन्धित है जिन्हें कानून में अपराध माना गया है। S.St 830
10. तलाक आदि से सम्बन्धित विवाद दीवानी कानून में नहीं आते हैं। S.St 830

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

11. न्यायिक समीक्षा किसे कहा जाता है ? S.St 830
12. भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना कब और कहाँ हुई ? S.St 830
13. फौजदारी कानून किसे कहते हैं ? S.St 830

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

14. न्यायपालिका का स्वतंत्र होना क्यों जरुरी है ? S.St 830
15. भारत में अदालतों की संरचना कैसी हैं ? S.St 830
16. न्यायपालिका के कार्यों की व्याख्या कीजिए। S.St 830

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

17. दीवानी कानून और फौजदारी कानून में अंतर स्पष्ट करें। S.St 830
18. स्वतंत्र न्याय पालिका क्या होती हैं ? उनके कार्य क्या हैं ? S.St 830
19. आपको ऐसा क्यों लगता हैं कि 1980 के दशक में शुरू की जनहित याचिका की व्यवस्था सबको इंसाफ दिलाने के लिहाज से एक महत्वपूर्ण कदम थी। S.St 830

अध्याय – 06
अध्याय का नाम – हमारी आपराधिक न्यायप्रणाली

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. अदालत में आरोप पत्र कौन दाखिल करता है ? S.St 830
   (i) पुलिस (ii) वकील (iii) न्यायाधीश (iv) अभियुक्त
2. आरोपी को सजा कौन सुनाता है ? S.St 830
   (i) प्रधानमंत्री (ii) वकील (iii) पुलिस (iv) न्यायाधीश
3. मौलिक अधिकारों के कौन से अनुच्छेद में जीवन का अधिकार दिया गया है ? S.St 830
   (i) अनुच्छेद 15 (ii) अनुच्छेद 17 (iii) अनुच्छेद 19 (iv) अनुच्छेद 21
4. प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) कौन लिखता है ? S.St 830
   (i) वकील (ii) चोर (iii) पुलिस (iv) न्यायाधीश

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

5. अनुच्छेद 22 के अनुसार .....उम्र से कम बालक को सवाल पूछने के लिए थाने में नहीं बुलाया जा सकता। S.St 824
6. जब कोई व्यक्ति बयान के लिए अदालत में आता है तो उसको ..... कहा जाता है। S.St 824
7. जब अदालत में किसी व्यक्ति पर मुकदमा चल रहा होता है तो उस व्यक्ति को ..... कहा जाता है। S.St 824

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

8. मौलिक अधिकारों के अनुच्छेद 21 में जीवन का अधिकार दिया गया है। S.St 824
9. प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) पुलिस के द्वारा लिखी जाती है। S.St 830, 831
10. पन्द्रह साल से कम उम्र के बच्चों को सवाल पूछने के लिए थाने बुलाया जाता है। S.St 824

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

11. प्रथम सूचना रिपोर्ट (FIR) क्या होती है ? S.St 831
12. संविधान के किस अनुच्छेद के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति को एक वकील के जरिये अपना बचाव करने का मौलिक अधिकार है ? S.St 824, 830
13. निष्पक्ष शब्द से आप क्या समझते हैं ? S.St 830
14. जिरह कौन करता हैं ? S.St 830
15. आरोपी किसे कहा जाता है ? S.St 830
16. निष्पक्ष सुनवाई क्या होती है ? S.St 830

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

17. चोरी हो जाने पर (FIR) करने के कौन–कौन से चरण होंगे। S.St 830, 831

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

18. सर्वोच्च न्यायालय ने किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी, हिरासत के बारे में कुछ शर्तें और प्रक्रिया तय हुई

है ,वे क्या हैं ? S.St 830

19. अपराध की जाँच करने में पुलिस की क्या भूमिका होती है ? S.St 830

20. न्यायाधीश की क्या भूमिका होती है ? S.St 830

अध्याय – 07
अध्याय का नाम – हाशियाकरण की समझ

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. पिछड़े लोगों को क्या कहते हैं ? S.St 832
   (i) राजपूत (ii) ब्राह्मण (iii) आदिवासी (iv) जाट
2. वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार भारत की कितने प्रतिशत आबादी मुस्लिम थी ? S.St 832
   (i) 10.3 प्रतिशत (ii) 11.3 प्रतिशत (iii) 12.3 प्रतिशत (iv) 13.4 प्रतिशत
3. जिस व्यक्ति को पर्याप्त भोजन या पोषण नहीं मिलता को क्या कहते हैं ? S.St 832
   (i) विस्थापित (ii) कुपोषित (iii) सुपोषित (iv) अल्पसंख्यक

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. पिछड़े लोगों को ..... कहा जाता हैं। S.St 832
5. जिस व्यक्ति को पर्याप्त भोजन या पोषण नहीं मिलता उसे ..... कहा जाता है। S.St 832

सही या गलत बताओं :– **सीखने के प्रतिफल**

6. आदिवासी लोगों के बीच ऊँच–नीच का फर्क बहुत कम होता है। S.St 832
7. अल्पसंख्यक वे होते हैं जो संख्या की दृष्टि से बाकि आबादी के मुकाबले बहुत अधिक हैं। S.St 832
8. मुसलमानों को हाशियाई समुदाय माना जाता है। S.St 832

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

9. अल्पसंख्यक किसे कहते है ? S.St 832
10. आदिवासी शब्द का क्या मतलब होता हैं ? S.St 832
11. भारत के किन राज्यों में आदिवासी पाए जाते हैं ? S.St 832

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

12. कम से कम 3 कारण बताएं कि विभिन्न समूह हाशिये पर क्यों चले जाते हैं ? S.St 832
13. आदिवासी लोग कौन हैं ? S.St 832
14. हाशियाकरण का क्या अर्थ है ? अपने शब्दों में समझाइए। S.St 832

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

15. आर्थिक हाशियाकरण और सामाजिक हाशियाकरण आपस में जुड़े हुए हैं, क्यों ? S.St 832

16. ऐसे 5 उत्पाद बताइए जो जंगल से मिलते हैं, और जिनका आप घर पर इस्तेमाल करते हैं ?
S.St 832

17. अल्प संख्यक समुदायों की सुरक्षा के लिए संवैधानिक सुरक्षाओं को क्यों महत्वपूर्ण मानते हैं ?
S.St 832

अध्याय – 08
अध्याय का नाम – हाशियाकरण से निपटना

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. अस्पृश्यता या छुआ–छूत का उन्मूलन संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है ? S.St 832
   (i) अनुच्छेद 17 (ii) अनुच्छेद 18 (iii) अनुच्छेद 15 (iv) अनुच्छेद 19
2. अनुसूचित जाति एवम् अनुसूचित जनजाति अधिनियम कब बनाया गया ? S.St 832
   (i) सन् 1987 में (ii) सन् 1988 में (iii) सन् 1989 में (iv) सन् 1990 में
3. जो व्यक्ति या समूह पुरजोर तरीके से अपनी बात रखता है को क्या कहते है ? S.St 832
   (i) बहिष्कार (ii) आग्रही (iii) नीति (iv) हिंसा

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. अस्पृश्यता या छुआछूत का उन्मूलन सविधान के अनुच्छेद .....में दिया गया है। S.St 832
5. अनुसूचित जाति एवम् अनुसूचित जनजाति अधिनियम सन ..... में बनाया गया। S.St 832

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

6. बहिष्कार का अर्थ है किसी व्यक्ति और समूह को बाहर निकालना। S.St 832
7. अनुच्छेद 15 के अनुसार, भारत के किसी भी नागरिक के साथ धर्म, नस्ल, जाति, लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। S.St 832
8. भारत में दलित वर्ग नहीं है। S.St 832
9. वन अधिकार अधिनियम सन् 2009 में पारित किया गया। S.St 832

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

10. मौलिक अधिकारों में शामिल अनुच्छेद 17 में किस बात का वर्णन किया गया है ? S.St 832
11. दलित शब्द का क्या अर्थ होता है ? S.St 832
12. अपनी व्याख्या में कबीर ने किस सामाजिक कुरीति का विरोध किया ? S.St 832

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

13. विख्यात भक्त कवयित्री सोयराबाई ने अपनी कविता में किस सोच को गलत ठहराया ? S.St 832
14. हाशियाई तबकों के लिए क्या कानून होते हैं ? S.St 832
15. कबीर अछूत शब्द को क्या नया अर्थ देते हैं ? S.St 832

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

16. हाथ से मैला उठाने का कलंक क्या है ? अपने शब्दों में लिखिए। भारत में इसे पूर्णतया कब निषेध किया गया? S.St 832

17. दो ऐसे मौलिक अधिकार बताइये जिनका दलित समुदाय प्रतिष्ठा पूर्ण और समतापरक व्यवहार पर जोर देने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। S.St 824, 832

अध्याय संख्या – 09
अध्याय का नाम – जनसुविधाएं

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. पानी के अधिकार को भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद से जोड़ा गया है ? S.St 833
   (i) अनुच्छेद 19 (ii) अनुच्छेद 21 (iii) अनुच्छेद 22 (iv) अनुच्छेद 23
2. भारतीय संविधान किस आयु वर्ग के बच्चों को शिक्षा की गारंटी देता है ? S.St 833
   (i) 4 से 12 वर्ष के बच्चे (ii) 5 से 13 वर्ष के बच्चे
   (iii) 6 से 14 वर्ष के बच्चे (iv) 7 से 15 वर्ष के बच्चे
3. भोजन, पानी, आवास, साफ सफाई, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी जरूरतों को क्या कहते है ? S.St 833
   (i) मूलभूत सुविधाएं (ii) दुर्लभ सुविधाएं (iii) राजनीतिक सुविधाएं (iv) सामाजिक सुविधाएं

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. एक तरह की व्यावसायिक संस्था को ..... कहा जाता है। S.St 833
5. जब सभी व्यक्ति को कोई चीज़ पूरी हासिल हो जाती है तो उसे..... पहुँच कहा जाता है। S.St 833

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

6. पोर्तो एलेग्रे ब्राजील का एक शहर है। S.St 833
7. भारतीय संविधान 6 से 14 साल की आयु के बच्चों की शिक्षा की गारंटी लेता है। S.St 833
8. जल संरक्षण आवश्यक नहीं है। S.St 833

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

9. किस अनुच्छेद के अंतर्गत पानी के अधिकार को जीवन का अधिकार का हिस्सा माना गया है ? S.St 833
10. चेन्नई भारत के किस राज्य में पड़ता है ? S.St 833
11. न्यायाधीशों ने महबूब नगर के जिला कलेक्टर को कितने लीटर पानी प्रत्येक व्यक्ति को उपलब्ध करने का आदेश दिया ? S.St 833

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

12. निजी जल आपूर्ति से आप क्या समझते हैं? S.St 833
13. जल अधिकार का क्या मतलब है ? S.St 833
14. जन सुविधाएं किसे कहते हैं ? S.St 833

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

15. ज्यादातर निजी अस्पताल और निजी स्कूल कस्बों या ग्रामीण इलाकों के अलावा बड़े शहरों में ही है। ऐसा क्यों ? अपने विचारों को लिखिए। S.St 833
16. पोर्तो एलेग्रे में सार्वजानिक जलपूर्ति के बारे में लिखे। शिशु मृत्यु दर गिरावट के पीछे सबसे बड़ा कारण क्या था ? S.St 833

अध्याय – 10
अध्याय का नाम – कानून और सामाजिक न्याय

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. विदेशी कंपनियों का भारत में आने का मुख्य कारण क्या है? S.St 834
   (i) भारत का वातावरण अच्छा है (ii) भारत के लोग अच्छे हैं
   (iii) भारत की जनसख्या ज्यादा हैं (iv) भारत में श्रम सस्ता है
2. किस आयु से कम बच्चे को संविधान के अनुसार किसी कारखाने, खदान, ढाबे या किसी भी प्रकार की मजदूरी के लिए काम पर नहीं लगाया जा सकता है ? S.St 824, 834
   (i) 18 वर्ष से कम (ii) 16 वर्ष से कम (iii) 14 वर्ष से कम (iv) 12 वर्ष से कम
3. भविष्य में उत्पादन बढ़ाने व सुधारने के लिए नई मशीनरी या इमारत पर खर्च होने वाले पैसे को कहते है ? S.St 834
   (i) उपभोक्ता (ii) यूनियन (iii) उत्सर्जन (iv) निवेश

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. जो व्यक्ति निजी इस्तेमाल के लिए कोई चीज़ बाज़ार से खरीदता है उसे ..... कहते हैं। S.St 834
5. भोपाल गैस त्रासदी में ..... गैस का रिसाव हुआ। S.St 834
6. हिमाचल में निर्माण मजदूरों के लिए न्यूनतम ..... रुपया प्रतिदिन के हिसाब से निर्धारित किया गया है। S.St 834

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

7. पर्यावरण की रक्षा के लिए नए कानून सरकार बनाती है। S.St 834
8. यूनियन कार्बाइड एक गैस का नाम है। S.St 834
9. भोपाल गैस त्रासदी पंजाब में हुई। S.St 834

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

10. भोपाल गैस त्रासदी कौन से राज्य में हुई थी ? S.St 834
11. भोपाल में यूनियन कार्बाइड नामक अमेरिकी कंपनी के कारखाने से कौन सी गैस का रिसाव हुआ था ? S.St 834
12. उत्पादक कौन होता है ? S.St 834

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

13. पर्यावरणीय प्रदूषण के कारण क्या है ? S.St 834
14. पर्यावरण की रक्षा के 4 तरीके बताएं ? S.St 834
15. उपभोक्ता किसे कहते हैं ? S.St 834

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

16. कंपनियां और ठेकेदार पर्यावरण कानूनों का उल्लघंन कैसे करते है ? S.St 834
17. विदेशी कंपनियों को भारत में अपने कारखाने खोलने से क्या फायदा हुआ ? S.St 834
18. क्या आपको लगता है कि भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को सामाजिक न्याय मिला ? S.St 834

संसाधन एवम् विकास
अध्याय – 1
अध्याय का नाम – संसाधन

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. इनमें से कौन सा अनवीकरणीय संसाधन नहीं है ? S.St 806
   (i) कोयला (ii) पेट्रोलियम (iii) वन (iv) प्राकृतिक गैस
2. उत्पत्ति के आधार पर संसाधनों को विभाजित करने का आधार हैं ? S.St 806
   (i) भौतिक और रासायनिक (ii) जैव और अजैव
   (iii) प्राकृतिक और भौतिक (iv) वास्तविक और संभाव्य
3. जो संसाधन कुछ निश्चित स्थानों पर पाए जाते हैं उन्हें कहते हैं ? S.St 806
   (i) सर्वव्यापक संसाधन (ii) स्थानिक संसाधन
   (iii) संभाव्य संसाधन (iv) वास्तविक संसाधन
4. कोयला, पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस कौन से संसाधन के उदहारण हैं ? S.St 806
   (i) अनवीकरणीय संसाधन (ii) सर्वव्यापक संसाधन
   (iii) नवीकरणीय संसाधन (iv) संभाव्य संसाधन
5. संसाधनों का आवश्यकतापूर्वक उपयोग करके उन्हें नवीकरण के लिए समय देना कहलाता है ?
   (i) संसाधनों का दुरूपयोग (ii) संसाधनों का संरक्षण S.St 806
   (iii) संसाधनों का इस्तेमाल न करना (iv) संसाधनों का आवश्यकता से अधिक इस्तेमाल करना।
6. यूरेनियम कौन से संसाधन का उदहारण है ? S.St 806
   (i) वास्तविक संसाधन (ii) नवीकरणीय संसाधन
   (iii) स्थानिक संसाधन (iv) संभाव्य संसाधन

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

7. जिन संसाधनों की मात्रा ज्ञात नहीं होती है उन्हें ..... संसाधन कहा जाता है। S.St 806
8. जो संसाधन हमें प्रकृति से प्राप्त होते है उन्हें ..... संसाधन कहा जाता है। S.St 806
9. संसाधनों का भविष्य के लिए उनके संरक्षण में संतुलन बनाएं रखना ..... विकास कहलाता है। S.St 806
10. जिन संसाधनों पर मानवीय क्रियाओं का प्रभाव नहीं होता उन्हें ..... संसाधन कहते है।
11. उत्पत्ति के आधार पर संसाधनों को ..... और ..... संसाधनों में बांटा जा सकता है।

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

12. जिन वस्तुओं का उपयोग हम अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए करते है उन्हें संसाधन कहते है। S.St 806
13. सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा नवीकरणीय संसाधनों के उदहारण है। S.St 806
14. निर्जीव वस्तुओं को जैव संसाधन कहा जाता है। S.St 806
15. मनुष्य स्वयं एक प्रकार का संसाधन है। S.St 806
16. संसाधनों का सही ढंग से इस्तेमाल नहीं करना ही संसाधनों का संरक्षण है। S.St 806

मिलान करो :– **सीखने के प्रतिफल**

17. मिलान करो :– S.St 806

(i) वास्तविक संसाधन	जिन संसाधनों की सम्पूर्ण मात्रा ज्ञात नहीं हो सकती है।
(ii) नवीकरणीय संसाधन	जिन संसाधनों का एक बार इस्तेमाल करने के बाद पुनः इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है।
(iii) अनवीकरणीय संसाधन	जिन संसाधनों का इस्तेमाल करने के बाद पुनः इस्तेमाल किया जा सकता है ।
(iv) संभाव्य संसाधन	वे संसाधन जिनकी मात्रा ज्ञात होती है ।

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

18. प्राकृतिक संसाधन से आपका क्या अभिप्राय है ? S.St 806
19. वास्तविक संसाधन और संभाव्य संसाधन के मध्य अंतर स्पष्ट करें ? S.St 806
20. किन्ही तीन अनवीकरणीय संसाधनों के नाम बताओ। S.St 806
21. संसाधनों का संरक्षण करना क्यों ज़रुरी है ? S.St 806
22. पृथ्वी पर संसाधन असमान रूप में क्यों वितरित हैं ? S.St 806

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

23. मानव संसाधन किसे कहते है ? मानव संसाधन का विकास क्यों महत्वपूर्ण है ? S.St 806
24. संसाधन संरक्षण किसे कहते है? बढ़ती हुई जनसँख्या को देखते हुए संसाधनों का संरक्षण क्यों जरुरी है ? S.St 806
25. वास्तविक संसाधन तथा संभाव्य संसाधन में क्या अंतर है ? S.St 806

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

26. संसाधन से आप क्या समझते है ? संसाधनों के विभिन्न प्रकारों का विस्तार से वर्णन करें। S.St 806
27. जल, मृदा तथा वन संसाधन के संरक्षण को सुनिश्चित करने के 5–5 उपायों के बारे में विस्तार से लिखें। S.St 806
28. संसाधन संरक्षण से आप क्या समझते हैं ? यदि संसाधनों का संरक्षण नहीं किया जाएगा तो क्या होगा ? S.St 806

अध्याय – 2

अध्याय का नाम – भूमि, मृदा, जल, प्राकृतिक वनस्पति और वन्य जीवन संसाधन

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. विश्व की कितने प्रतिशत जनसंख्या भूमि के 30% भाग पर रहती है ? S.St 807

(i) 40% (ii) 55% (iii) 70% (iv) 90%

2. तापमान परिवर्तन, तुषार क्रिया, पौधों, प्राणियों और मनुष्य के क्रियाकलापों द्वारा शैलों का टूटना कहलाता है ? S.St 807

(i) अपक्षय (ii) अपरदन (iii) अन्तर्जात बल (iv) बहिर्जात बल

3. पृथ्वी के पृष्ठ पर दानेदार कणों के आवरण की पतली परत क्या कहलाती है ? S.St 807

(i) चट्टान (ii) वन सम्पदा (iii) कोयला (iv) मृदा

4. वनस्पति की वृद्धि किस चीज़ पर निर्भर करती है ? S.St 807

(i) अत्यधिक गर्मी (ii) तापमान तथा आर्द्रता

(iii) प्रचुर जल आपूर्ति (iv) मृदा अपरदन

5. पृथ्वी का कितना प्रतिशत भाग जल से ढका हुआ है ? S.St 807

(i) एक चौथाई (ii) दो चौथाई (iii) तीन चौथाई (iv) सम्पूर्ण भाग

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :— **सीखने के प्रतिफल**

6. जल के प्रवाह को कम करने के लिए ..... बनाए जाते है। S.St 807
7. जल एक ..... संसाधन है। S.St 807
8. वनों को उनकी पत्तियाँ गिराने के आधार पर ..... और ..... वन के रूप में विभाजित किया जा सकता है। S.St 807
9. वनस्पति की वृद्धि ..... और ..... पर निर्भर करती है। S.St 807

सही या गलत बताओ :— **सीखने के प्रतिफल**

10. पृथ्वी का 50% भाग जल से ढका है। S.St 807
11. मिट्टी की सबसे उपरी पतली परत को ह्युमस कहते हैं। S.St 807
12. भारत में जल की प्रतिव्यक्ति उपलब्धत्ता कम हो रही है। S.St 807
13. मानवीय हस्तक्षेप और जलवायु परिवर्तन पारितंत्र को व्यवस्थित रख सकते है। S.St 807
14. पृथ्वी के कुल क्षेत्रफल के 30% भाग पर भूमि है। S.St 807

मिलान करो :— **सीखने के प्रतिफल**

15. S.St 807

(i) भूमि उपयोग	मृदा अपरदन को रोकना
(ii) ह्यूमस	स्थलमंडल, जलमंडल और वायुमंडल के बीच जुड़ा एक संकरा क्षेत्र
(iii) चट्टान बाँध	भूमि का उत्पादनकारी, उपयोग
(iv) जैव मंडल	ऊपरी मृदा पर निक्षेपित जैव पदार्थ

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :— **सीखने के प्रतिफल**

16. भूमि को महत्वपूर्ण संसाधन क्यों माना जाता है ? S.St 807
17. जल संरक्षण के कोई दो तरीके बताएँ। S.St 807
18. मृदा निर्माण के लिए उत्तरदायी दो मुख्य जलवायु कारक कौन से हैं ? S.St 807
19. भूमि निम्नीकरण के कोई दो कारण दीजिए। S.St 807
20. समोच्चरेखीय जुताई किसे कहते है ? S.St 807

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

21. किन्ही दो सोपानों के नाम बताएँ जिन्हें सरकार ने पौधों और प्राणियों के संरक्षण के लिए आरम्भ किया है। S.St 807
22. भूमि संसाधन के संरक्षण के उपायों के बारे में विस्तार से लिखें। S.St 807
23. मृदा संरक्षण के समोच्चरेखीय जुताई तथा समोच्चरेखीय रोधिकाओं के मध्य अंतर स्पष्ट करें। S.St 807
24. प्राकृतिक वनस्पति तथा वन्यजीवन का संरक्षण के लिए कोई दो उपाय बताएं। S.St 807

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

25. प्राकृतिक वनस्पति से आपका क्या अभिप्राय है ? वर्तमान समय में हो रहे प्राकृतिक वनस्पति के विनाश का मानव जीवन तथा जीव–जंतुओं पर क्या असर पड़ रहा है ? S.St 807
26. जल संसाधन का संरक्षण करना क्यों जरुरी है? आपके क्षेत्र में जल संसाधन के संरक्षण के उपायों के बारे में विस्तार से लिखें। S.St 807
27. मृदा निर्माण के मुख्य कारक कौन से है? मृदा का निम्नीकरण और संरक्षण के उपायों के बारे में विस्तार से लिखें। S.St 807

अध्याय – 3
अध्याय का नाम – खनिज और शक्ति संसाधन

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. निम्नलिखित में से कौन सा अभ्रक का उत्पादक नहीं है ? S.St 805, 806
   (i) झारखण्ड (ii) राजस्थान (iii) आन्ध्र प्रदेश (iv) उपरोक्त सभी
2. निम्नलिखित में से कौन विश्व में तांबे का अग्रणी उत्पादक है ? S.St 805, 806
   (i) बोलीविया (ii) चिली (iii) घाना (iv) जिम्बाब्वे
3. कौन सी प्रक्रिया रसोईघर में द्रवित पेट्रोलियम गैस (LPG) को संरक्षित नहीं करती? S.St 805, 806
   (i) पकाने से पहले दाल को कुछ समय के लिए भिगोना
   (ii) प्रेशर कुकर में खाना बनाना
   (iii) पकाने के लिए गैस जलाने से पूर्व सब्जी को काट लेना
   (iv) खुली कढ़ाई में कम ज्वाला पर भोजन पकाना
4. निम्नलिखित में से कौन सी एक खनिजों की विशेषता नहीं हैं ? S.St 805, 806
   (i) वे प्राकृतिक प्रक्रियाओं द्वारा निर्मित होते हैं
   (ii) उनका एक निश्चित रासायनिक संघटन होता है
   (iii) वे असमाप्य होते हैं
   (iv) उनका वितरण असमान होता है
5. निम्नलिखित में से कौन सा अधात्विक खनिज में नहीं आता है ? S.St 805, 806
   (i) चूना पत्थर (ii) जिप्सम (iii) मैगनीज (iv) पेट्रोलियम
6. मणिकरण (हिमाचल प्रदेश) में गैर–परम्परागत उर्जा का कौन सा स्त्रोत देखने को मिल सकता है?
   (i) बायो गैस (ii) परमाणु उर्जा (iii) भूतापीय उर्जा (iv) ज्वारिय उर्जा S.St 805, 806

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

7. चूना पत्थर, अभ्रक, और जिप्सम ..... खनिज के उदाहरण है। S.St 805, 806
8. बॉक्साइट उत्पादन में ..... विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। S.St 805, 806

9. जीवाश्म ईंधन ..... ऊर्जा का मुख्य स्त्रोत है। S.St 805, 806
10. जो ऊर्जा पृथ्वी से प्राप्त होती है उसे .....ऊर्जा कहा जाता है। S.St 805, 806
11. भारत में यूरेनियम के भण्डार ..... तथा ..... राज्य में है। S.St 805, 806

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

12. विश्व का पहला ज्वारीय ऊर्जा स्टेशन फ्रांस में बनाया गया है। S.St 805, 806
13. भारत में कर्नाटक (कोलार) में सोने की खाने हैं। S.St 805, 806
14. पेट्रोलियम को पीला सोना भी कहा जाता है। S.St 805, 806
15. पृथ्वी के गर्भ से निकलने वाली ऊर्जा को ज्वारीय ऊर्जा कहा जाता है। S.St 805, 806
16. अभ्रक उत्पादन में भारत विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक तथा निर्यातक देश है। S.St 805, 806

मिलान करो :– **सीखने के प्रतिफल**

17. S.St 805, 806

(i) बॉक्साइट का सबसे बड़ा उत्पादक	एशिया
(ii) हीरा, सोना और प्लेटिनम का सबसे बड़ा उत्पादक	यूरोप
(iii) लौह अयस्क का सबसे बड़ा उत्पादक	ऑस्ट्रेलिया
(iv) टिन का सबसे बड़ा उत्पादक	अफ्रीका

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

18. प्रतिदिन आपके उपयोग में आने वाले तीन सामान्य खनिजों के नाम बताओ। S.St 805, 806
19. लौह अयस्क किसे कहते हैं? S.St 805, 806
20. कोई दो तरीके बताएँ जिस से आप अपने घर पर बिजली बचा सकते हैं। S.St 805, 806
21. पेट्रोलियम को "काला सोना" क्यों कहा जाता है ? S.St 805, 806
22. अधिकांश उद्योग कोयला खानों के पास क्यों स्थापित होते है ? S.St 805, 806
23. सौर ऊर्जा तथा पवन ऊर्जा में क्या अंतर है ? S.St 805, 806
24. प्राकृतिक गैस किसे कहते है ? S.St 805, 806
25. भारत में नमक की खाने कहाँ–कहाँ स्थित है ? S.St 805, 806
26. धात्विक तथा अधात्विक खनिजों में क्या अंतर है ? S.St 805, 806

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

27. बायो गैस और प्राकृतिक गैस के मध्य अंतर स्पष्ट करें। S.St 805, 806
28. खनिज किसे कहते है ? खनिज कितने प्रकार के होते है ? S.St 805, 806
29. खनिजों का मानवीय जीवन में क्या उपयोग है ? S.St 805, 806
30. खनिजों का संरक्षण करना क्यों जरुरी है ? S.St 805, 806
31. ऊर्जा के परम्परागत स्त्रोतों का विस्तार से वर्णन करें। S.St 805, 806

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

32. ऊर्जा के परंपरागत स्त्रोतों से आप क्या समझते है? ऊर्जा के परंपरागत स्त्रोतों का विस्तार से वर्णन करते हुए मानवीय जीवन पर इनके महत्त्व के बारे में बताएँ। S.St 805, 806
33. ऊर्जा के परंपरागत स्त्रोत कौन कौन से हैं ? इन स्त्रोतों का हमारे जीवन में क्या महत्त्व है ?

S.St 805, 806

34. खनिज किसे कहते है ? विश्व में खनिजों का वितरण कहाँ–कहाँ पर है ? विस्तार से चर्चा करें।
35. भूतापीय ऊर्जा तथा ज्वारीय ऊर्जा के बारे में विस्तार से लिखें। S.St 805, 806

मानचित्र कार्य :– **सीखने के प्रतिफल**

36. भारत के मानचित्र पर अभ्रक उत्पादन करने वाले 4 राज्यों को चिन्हित करें। S.St 805
37. विश्व मानचित्र पर सोना, लोहा, तांबा तथा बाक्साइट उत्पादित करने वाले महाद्वीपों को चिन्हित करें। S.St 805
38. विश्व मानचित्र पर खनिज तेल तथा कोयले का वितरण दर्शाएँ। S.St 805

अध्याय – 04
अध्याय का नाम – कृषि

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. कॉफी को उगाने के लिए कौन सी मृदा की आवश्यकता होती है ? S.St 802
   (i) जलोढ़ मृदा (ii) दोमट मृदा (iii) काली मृदा (iv) लाल मृदा
2. मृदा की जुताई, फसलों को उगाना और पशुपालन विज्ञान को क्या कहते हैं ? S.St 802
   (i) सेरिकल्चर (ii) विटीकल्चर (iii) एग्रीकल्चर (iv) पीसीकल्चर
3. झूमिंग किस प्रकार की कृषि का उदहारण है ? S.St 802
   (i) मिश्रित कृषि (ii) स्थानान्तरी कृषि (iii) निर्वाह कृषि (iv) रोपण कृषि

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. भारत की दो तिहाई जनसँख्या ..... पर निर्भर है। S.St 802
5. '' सुनहरा रेशा'' ..... को कहा जाता है। S.St 802
6. सब्जियों, फूलों और फलों के उत्पादन को ..... कहा जाता है। S.St 802

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

7. अंगूरों की खेती को विटीकल्चर कहा जाता है। S.St 802
8. विश्व में भारत कॉफी उत्पादन में अग्रणी उत्पादक है। S.St 802
9. कपास की खेती के लिए काली और जलोढ़ मिट्टी उपर्युक्त है। S.St 802

मिलान करो :– **सीखने के प्रतिफल**

10. S.St 802

A.	(i) हॉर्टीकल्चर	रेशम उत्पादन
	(ii) सेरीकल्चर	मत्स्यपालन
	(iii) एग्रीकल्चर	उद्यान कृषि
	(iv) पिसीकल्चर	कृषि

B.	(i) झूमिंग	ब्राजील
	(ii) मिल्पा	मलेशिया
	(iii) रोका	उत्तर – पूर्वी भारत
	(iv) लदांग	मैक्सिको

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

11. रोपण कृषि क्या है ? S.St 802
12. मिश्रित कृषि और निर्वाह कृषि में अंतर बताएं। S.St 802
13. पटसन को 'सुनहरा रेशा' क्यों कहा जाता है ? S.St 802
14. कृषि को प्रभावित करने वाले कारकों के नाम बताएं ? S.St 802

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

15. सरकार किसानों को कृषि के विकास में किस प्रकार मदद करती है ? S.St 802
16. स्थानांतरी कृषि क्या है ? इस कृषि की क्या हानियाँ है ? S.St 802
17. भारत के विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न फ़सले उगाने का क्या कारण है ? S.St 802
18. निर्वाह कृषि और गहन कृषि में क्या अंतर है ? उदाहरण के साथ स्पष्ट करें। S.St 802

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

19. कृषि से आप क्या समझते है ? कृषि को प्रभावित करने वाले कारकों का विस्तार से वर्णन करें ? S.St 802
20. कृषि के विभिन्न प्रकारों का विस्तार से वर्णन करें। S.St 802
21. सरकार किसानों को कृषि के विकास में किस प्रकार मदद करती है? S.St 802

मानचित्र कार्य :– **सीखने के प्रतिफल**

21. विश्व के मानचित्र पर कपास उत्पादित करने वाले देशों को चिन्हित करें। S.St 808
22. विश्व मानचित्र पर झूमिंग, मिल्पा, रोका, लदांग (स्थानांतरित कृषि) करने वाले देशों व क्षेत्रों को चिन्हित करें। S.St 809

अध्याय संख्या – 05
अध्याय का नाम – उद्योग

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. भारत में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का मुख्य केंद्र कहा स्थित है ? S.St 801
   (i) महाराष्ट्र (ii) दिल्ली (iii) बेंगलुरु (iv) भोपाल
2. निम्न में से कौन सा प्राकृतिक रेशा है? S.St 801
   (i) नायलॉन (ii) जूट (iii) एक्रिलिक (iv) इन में से कोई नहीं
3. आज़ादी से पूर्व भारत का एक मात्र इस्पात कारखाना कहाँ पर स्थित था ? S.St 801
   (i) राउरकेला (ii) नाथपा झाकड़ी (iii) जमशेदपुर (iv) बोकारो
4. ''सनराईज़ उद्योग'' का सम्बन्ध किस उद्योग से है ? S.St 801
   (i) लोहा इस्पात उद्योग (ii) कपड़ा उद्योग (iii) चमड़ा उद्योग (iv) सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

5. भोपाल गैस त्रासदी सन ..... में हुई थी। S.St 801
6. पहली सफल यंत्रीकृत वस्त्र मिल..... में सन् 1854 में स्थापित हुई थी। S.St 801
7. बेंगलुरु को ..... के नाम से भी जाना जाता है। S.St 801

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

8. भारत की पहली सूती मिल अहमदाबाद में सन् 1759 में स्थापित हुई थी। S.St 801
9. पिट्सबर्ग, इंग्लैंड का एक प्रमुख इस्पात नगर है। S.St 801
10. ओसाका को जापान का मानचेस्टर कहा जाता है। S.St 801

मिलान करो :– **सीखने के प्रतिफल**

11. S.St 801

(i) ओसाका	भारत में सूचना प्रौद्योगिकी का मुख्य केंद्र
(ii) जमशेदपुर	भारत की प्रथम वस्त्र उद्योग की स्थापना
(iii) बेंगलुरु	जापान का मानचेस्टर
(iv) कोलकाता	टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

12. ओसाका शहर को जापान का मानचेस्टर क्यों कहा जाता है ? S.St 801
13. कच्चा माल किसे कहते है ? S.St 801
14. उद्योगों को प्रभावित करने वाले कोई दो कारक बताएं। S.St 801
15. उद्योग' किसे कहते है ? S.St 801

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

16. बेंगलुरू और केलिफोर्निया में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के बीच क्या समानता है। S.St 801
17. कृषि आधारित और खनिज आधारित उद्योग के बीच कोई तीन अंतर बताएं। S.St 801
18. कपास उद्योग मुंबई में तेज़ी से क्यों विकसित हुआ? कारण बताएँ। S.St 801
19. कौन सा उद्योग प्रायः आधुनिक उद्योग का मेरुदंड कहा जाता है और क्यों ? S.St 801

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

20. सार्वजनिक क्षेत्र और संयुक्त क्षेत्र के उद्योगों से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण के साथ स्पष्ट करें। S.St 801
21. सूचना प्रौद्योगिकी से आप क्या समझते हैं ? भारत में स्थित सूचना प्रौद्योगिकी के प्रमुख केन्द्रों के नाम बताएं। S.St 801
22. 'उद्योग' किसे कहते हैं ? उद्योगों का वर्गीकरण किन–किन आधारों पर किया जा सकता है ? विस्तार से वर्णन करें। S.St 801

मानचित्र कार्य :– **सीखने के प्रतिफल**

23. विश्व मानचित्र पर विश्व की औद्योगिक पट्टी को चिन्हित करो। S.St 801
24. भारत के मानचित्र पर भारत के प्रमुख लोहा–इस्पात उत्पादन के क्षेत्रों को चिन्हित करो। S.St 805

अध्याय संख्या – 06
अध्याय का नाम – मानव संसाधन

बहुविकल्पीय प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

1. भारत सरकार के अधीन मानव संसाधन विकास मंत्रालय का निर्माण कब हुआ ? S.St 810
   (i) सन् 1981 (ii) सन् 1985 (iii) सन् 1982 (iv) सन् 1984
2. विश्व में सबसे अधिक जनसंख्या किस देश की है ? S.St 810
   (i) फ्रांस (ii) जापान (iii) चीन (iv) भारत
3. भारत की जनसंख्या का औसत घनत्व प्रति व्यक्ति वर्ग किलोमीटर कितना है ? S.St 810
   (i) 379 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर (ii) 380 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर
   (iii) 381 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर (iv) 382 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :– **सीखने के प्रतिफल**

4. सन् 2025 तक विश्व जनसंख्या ..... मिलियन तक पहुँचने का अनुमान है। S.St 810
5. विश्व में सबसे ज्यादा आबादी ..... महाद्वीप में है। S.St 810
6. भारत की जनसंख्या का औसत घनत्व ..... व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर है। S.St 810
7. एक देश की जनसंख्या संघटन का अध्यनन करने की विधि को ..... कहते है। S.St 810

सही या गलत बताओ :– **सीखने के प्रतिफल**

8. सन् 2025 तक विश्व जनसंख्या 8525 मिलियन तक पहुँचने का अनुमान है। S.St 810
9. विश्व में सबसे ज्यादा आबादी यूरोप महाद्वीप में है। S.St 810
10. विश्व के 60% लोग केवल 10 देशों में रहते है। S.St 810
11. विश्व की सर्वाधिक जनसंख्या एशिया महाद्वीप में रहती है। S.St 810

अति लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

12. जनसंख्या आप्रवास किसे कहते है? S.St 810
13. जन्म दर को कैसे मापा जाता है ? S.St 810
14. प्राकृतिक वृद्धि दर किसे कहते है ? S.St 810
15. आयु लिंग पिरामिड किसे कहते है ? S.St 810
16. लोगों को एक संसाधन क्यों कहा जाता है ? S.St 810

लघु उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

17. विश्व में जनसंख्या के असमान वितरण के क्या कारण है ? S.St 810
18. विश्व में जनसंख्या अत्यंत तीव्रता से बढ़ रही है। क्यों ? S.St 810
19. आप्रवास तथा उत्प्रवास में अंतर स्पष्ट करें। S.St 810
20. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों का विस्तार से वर्णन करो। S.St 810

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न :– **सीखने के प्रतिफल**

21. जनसंख्या पिरामिड क्या है ? यह किसी देश की जनसंख्या को समझने में किस तरह मदद करते हैं? S.St 810

22. जनसंख्या परिवर्तन क्या है ? जनसंख्या परिवर्तन को प्रभावित करने वाले कारकों की भूमिका का वर्णन कीजिए। S.St 810

मानचित्र कार्य :– **सीखने के प्रतिफल**

23. विश्व मानचित्र पर महाद्वीपों के अनुसार जनसंख्या के वितरण को प्रदर्शित करें। S.St 803

24. विश्व मानचित्र पर घनी आबादी वाले देशों को दर्शाएं। S.St 803

कक्षा – आठवीं
मौखिक आकलन और असाइनमेंट से सम्बन्धित उदाहरण

हमारे अतीत –3 (भाग–1)

अध्याय – 1

अध्याय का नाम – कैसे, कब और कहाँ

मौखिक आकलन :–	सीखने के प्रतिफल
1. भारत के पहले गवर्नर–जनरल का नाम बताओ?	S.St 812, 811
2. ए 'हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया नामक' किताब किसने लिखी?	S.St 812, 811
3. जेम्स मिल ने भारत के इतिहास को किन तीन काल खंडों में बाँटा था?	S.St 812, 811
4. औपनिवेशीकरण क्या होता है?	S.St 812, 811

असाइनमेंट :–	सीखने के प्रतिफल
1. अपने अध्यापक, परिवार या आस पड़ोस के लोगों से पूछें कि जनगणना के जरिये कौन–कौन सी जानकारियाँ एकत्रित की जाती है? जानकारी को सूचीबद्ध करें।	S.St 812, 811
2. इतिहासकार पुराने अखबारों से जो जानकारी जुटाते हैं वह पुलिस कि रिपोर्टों में उपलब्ध जानकारी से किस तरह अलग होती है।	S.St 812, 811
3. उन्नीसवीं सदी के आखिर में किए गए सर्वेक्षणों को सूचीबद्ध करें?	S.St 812, 811
4. अपने परिवार या आस–पड़ोस के लोगों से पूछें कि वर्तमान समय में कौन–कौन से सर्वेक्षण होते है तथा उनका उद्देश्य क्या होता है।	S.St 812, 811

अध्याय – 2

अध्याय का नाम – व्यापार से साम्राज्य तक कंपनी की सत्ता स्थापित होती है

मौखिक आकलन :–	सीखने के प्रतिफल
1. बक्सर की लड़ाई कब लड़ी गई?	S.St 812
2. औरंगजेब की मृत्यु कब हुई?	S.St 812
3. ईस्ट इंडिया कंपनी की पहली फैक्ट्री कब और कहाँ शुरू हुई थी?	S.St 812
4. 'वास्को द गामा' भारत कब आए?	S.St 812

असाइनमेंट :–	सीखने के प्रतिफल
1. दीवानी मिलने से ईस्ट इंडिया कंपनी को किस तरह फायदा पहुँचा?	S.St 812
2. कंपनी का शासन भारतीय राजाओं के शासन से किस तरह अलग था?	S.St 812
3. 18वीं सदी में भारत तक आने वाले रास्तों को विश्व मानचित्र पर चिन्हित करें।	S.St 812
4. निम्नलिखित शासकों की तस्वीरें इकट्ठा करके कोलाज बनाए।	S.St 812
(i) झाँसी की रानी (ii) महाराजा रणजीत सिंह (iii) हैदर अली	
(iv) महादजी सिंधिया (v) टीपू सुलतान (vi) सिराजुद्दौला	
(vii) बहादुर शाह जफ़र	

अध्याय – 3
अध्याय का नाम – ग्रामीण क्षेत्र पर शासन चलाना

मौखिक आकलन :–	सीखने के प्रतिफल
1. ''रैयतवारी'' व्यवस्था को किसने लागू किया?	S.St 813
2. महालवारी बंदोबस्त व्यवस्था कब लागू की गई?	S.St 813
3. ''रैयत'' किसे कहा जाता था?	S.St 813
4. नील विद्रोह कब हुआ?	S.St 813

असाइनमेंट :–	सीखने के प्रतिफल
1. चम्पारण आन्दोलन में महात्मा गाँधी की भूमिका के बारे में जानकारी इकट्ठा करो।	S.St 813
2. ईस्ट इन्डिया कंपनी को बंगाल की दीवानी कैसे मिली? कंपनी की व्यापार से लेकर दीवानी तक की यात्रा का क्रमवार विवरण दीजिए।	S.St 813

अध्याय – 4
अध्याय का नाम – आदिवासी, दीकु और एक स्वर्ण युग की कल्पना

मौखिक आकलन :–	सीखने के प्रतिफल
1. वर्ली विद्रोह कब और कहाँ हुआ?	S.St 814
2. झूम खेती को और किस नाम से जाना जाता है?	S.St 814
3. महुआ क्या है?	S.St 814
4. ब्रिटिश शासन में घुमंतू काश्तकारों के सामने कौन सी समस्याएँ थी?	S.St 814

असाइनमेंट :–	सीखने के प्रतिफल
1. बिरसा की कल्पना में स्वर्णिम युग किस तरह का था? आपकी राय में यह कल्पना लोगों को इतनी आकर्षक क्यों लग रही थीं?	S.St 814
2. अपने माता–पिता, दोस्तों या शिक्षकों से बात करके 19वीं और 20वीं सदी के आदिवासी विद्रोहों के नायकों के नाम पता करें तथा उनकी कहानी अपने शब्दों में लिखें।	S.St 814

अध्याय – 5
अध्याय का नाम – जब जनता बग़ावत करती है
1857 और उसके बाद

मौखिक आकलन :–	सीखने के प्रतिफल
1. कंपनी के तहत काम करने वाले भारतीय सिपाहियों के असंतोष के क्या कारण थे?	S.St 816
2. सैनिक विद्रोह क्या होता है?	S.St 816
3. सीताराम तथा विष्णुभट्ट के अनुसार लोगों के दिमाग में मुख्य चिंताए कौन सी थी?	S.St 816
4. फिरंगी शब्द किसके लिए इस्तेमाल किया जाता था?	S.St 816

5. बहादुर शाह ज़फ़र की मृत्यु कब हुई?

असाइनमेंट :— **सीखने के प्रतिफल**

1. झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के बारे में पता लगाएँ। आप उन्हें अपने समय की विलक्षण महिला क्यों मानते हैं? झाँसी की रानी के नाम से प्रचलित कविता को लिखें। S.St 816
2. पता लगाएँ की सन् 1857 की लड़ाई के बारे में आपके इलाके या आपके परिवार के लोगों को किस तरह की कहानियाँ और गीत याद है? इस महान विद्रोह से सम्बंधित कौन सी यादें अभी लोगों को उत्तेजित करती हैं? S.St 816

अध्याय — 6
अध्याय का नाम—उपनिवेशवाद और शहर
एक शाही राजधानी की कहानी

मौखिक आकलन :— **सीखने के प्रतिफल**

1. उन दो वास्तुकारों के नाम बताओ जिनको दिल्ली और उसकी इमारतों का डिज़ाइन तैयार करने का जिम्मा सौंपा गया। S.St 817
2. विशहरीकरण का क्या मतलब है? S.St 817
3. अंग्रेजों ने दिल्ली में ही विशाल दरबार क्यों लगाया जबकि दिल्ली राजधानी नहीं थी? S.St 817
4. विभाजन से दिल्ली के जीवन पर क्या असर पड़ा? S.St 817
5. दिल्ली ब्रिटिश भारत की राजधानी कब बनी? S.St 817

असाइनमेंट :— **सीखने के प्रतिफल**

1. अपने शहर या आसपास के शहर का पता लगाएँ। देखें की वह कब और कैसे फैला तथा समय के साथ उसमें क्या बदलाव आए हैं। आप बाजारों, इमारतों, सांस्कृतिक संस्थाओं और बस्तियों का इतिहास दे सकते हैं। S.St 817
2. अपने शहर कस्बे या गाँव के कम से कम 10 व्यवसायों की सूची बनाएँ। पता लगाए कि ये व्यवसाय कब से चले आ रहे है। इस सूची से इस इलाके में आए बदलावों के बारे में क्या पता चलता है? S.St 817

अध्याय — 7
अध्याय का नाम— बुनकर, लोहा बनाने वाले और फैक्ट्री मालिक

मौखिक आकलन :— **सीखने के प्रतिफल**

1. भारत में पहली सूती कपड़ा मिल कब और कहाँ स्थापित हुई? S.St 817
2. बारीक बुनाई वाले कपड़ों को क्या कहा जाता था? S.St 817
3. बंडाना शब्द का प्रयोग कहाँ पर किया जाता था? S.St 817
4. स्पिनिंग जैनी का आविष्कार कब और किसने किया? S.St 817
5. फारसी भाषा में गोदाम को क्या कहा जाता है? S.St 817
6. टीपू सुल्तान की तलवार कौन से स्टील से बनी थी? S.St 817

असाइनमेंट :— **सीखने के प्रतिफल**

7. अठारहवीं सदी के आखिर में बुनाई के मुख्य केन्द्र कहाँ—कहाँ थे ? मानचित्र पर दर्शाएं।

8. भारत में सूती कपडा मिलों का उदय कब हुआ ? कुछ सूती कपड़ों के टुकडों को एकत्रित करके चार्ट पर चिपकाएं। S.St 817
9. भारत के नक्शे पर विभिन्न हस्त कलाओं के अलग–अलग केद्रों को चिन्हित करें। S.St 817

अध्याय–8

अध्याय का नाम – "देशी जनता" को सभ्य बनाना राष्ट्र को शिक्षित करना

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. बनारस में हिन्दू कॉलेज की स्थापना कब की गई थी ? S.St 818
2. 'वर्नाकुलर' शब्द का इस्तेमाल कहाँ किया जाता है। S.St 818
3. मदरसा किसे कहा जाता है ? S.St 818
4. शान्ति निकेतन की स्थापना कब और किसने की ? S.St 818

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

5. 1830 में ईसाई प्रचारक विलियम एड्म ने किन जिलों का दौरा किया ? मानचित्र पर दर्शाएं। S.St 818
6. 1830 के दशक में स्कॉटलैंड से भारत आए ईसाई प्रचारक कौन–कौन हैं। विलियम एड्म की रिपोर्ट का वर्णन करें ? S.St 818
7. अपने घर के बुजुर्गो से पता करें कि स्कूल में उन्होंनें कौन–कौन से विषय पढ़े थे। S.St 818
8. आजादी में भाग लेने वाले नेताओं के चित्र एकत्रित करके कोलाज बनाएं। S.St 818

अध्याय–9

अध्याय का नाम – महिलाएँ, जाति एवं सुधार

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. 'सती' किसे कहा जाता है ? S.St 819
2. ब्रह्म समाज की स्थापना कब और किसने की ? S.St 819
3. आर्य समाज की स्थापना कब और किसने की ? S.St 819
4. गैर–ब्राह्मण आन्दोलन की शुरुआत किस सदी में की गई थी ? S.St 819
5. हिन्दू वेद पुराणों के कट्टर आलोचक कौन थे ? S.St 819
6. सती प्रथा पर पाबन्दी कब लगाई गई थी ? S.St 819

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

क्रम संख्या	स्थापना	समाज सुधारकों के नाम	स्थापना का वर्ष	स्थापना का उद्देश्य
1.	ब्रह्म समाज			
2.	रामकिशन मिशन			
3.	वेद समाज			
4.	अलीगढ़ आन्दोलन			

अध्याय–10

अध्याय का नाम – दृश्य कलाओं की बदलती दुनिया

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. रूपचित्र शब्द से क्या अभिप्राय है ? S.St 820
2. उन्नीसवीं सदी के शुरूआती सालों में साम्राज्यवादी कला की एक श्रेणी को क्या कहा जाता था ? S.St 820
3. सेरिगापाटम (श्री रंगपटनम) की प्रसिद्ध लड़ाई में मैसूर के राजा टीपू सुल्तान की हार किस सन में हुई ? S.St 820
4. 'परिप्रेक्ष्य विधि' किसे कहते है ? S.St 820
5. बंगाल में कौन–सा मंदिर एक महत्त्वपूर्ण तीर्थ स्थान था ? S.St 820

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

6. खर्रा चित्रकार और कुम्हार कलाकार कालीघाट क्यों आए ? उन्होंने नए विषयों पर चित्र बनाना क्यों शुरु किया ? S.St 820
7. औपनिवेशिक भारत में लोकप्रिय होने वाली कला शैली कौन–सी थी ? यह किस प्रकार जीवन शैली का आदर्श साधन थी ? S.St 820
8. उन्नीसवी शताब्दी में भारत के अधिकांश शहरों में कौन–सी नई लोक कला विकसित हुई ? हिमाचल प्रदेश की प्रसिद्ध इमारतें और मन्दिर किस प्रकार की शैली में बने है? उनकी प्रमुख विशेषताएं बताएं। S.St 820
9. राजा रवि वर्मा के चित्रों को राष्ट्रवादी भावना वाले चित्र कैसे कहा जाता है और उन चित्रों का समाज पर क्या प्रभाव पड़ा? S.St 820

अध्याय–11

अध्याय का नाम – राष्ट्रीय आन्दोलन का संघटनः 1870 के दशक से 1947 तक

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. 'स्वतन्त्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है' यह शब्द किसने कहे थे ? S.St 821
2. बंगाल का विभाजन कब और किसने किया ? S.St 821
3. ऑल इंडिया मुस्लिम लीग का गठन कब हुआ ? S.St 821
4. जलियाँवाला बाग हत्याकांड कब और कहाँ हुआ ? S.St 821
5. गाँधी जी ने अंग्रेजों द्वारा पारित किए गए नए सॉल्ट कानून के खिलाफ सत्याग्रह का आह्वान कब किया ? S.St 821
6. 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' कब शुरु किया गया ? S.St 821

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

7. स्वतंत्रता संग्राम में शामिल विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियो के बारे में अपने परिवार या आस–पड़ोस के सदस्यों के साथ चर्चा करें तथा विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों के चित्रों को एकत्रित करके चार्ट पर चिपकाएं। S.St 821

अध्याय–12
अध्याय का नाम – स्वतंत्रता के बाद

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. भारत कब आजाद हुआ ? S.St 822
2. महात्मा गाँधी की हत्या कब और किसने की ? S.St 822
3. भारतीय संविधान कब लागू किया गया ? S.St 822
4. संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष कौन थे ? S.St 822
5. मध्यप्रदेश में स्थित चम्बल नदी पर गांधीसागर बाँध का निर्माण कब पूरा हुआ ? S.St 822
6. दूसरी पंचवर्षीय योजना कब बनाई गई ? S.St 822
7. सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार से क्या अभिप्राय है ? S.St 822

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

1. नवस्वाधीन भारत के सामने कौन–कौन सी समस्याएं थी ? अपने अध्यापक से चर्चा करें। S.St 822
2. पाकिस्तान में भाषा के आधार पर हुए विवादों के बारे में पता लगाएँ जिनकी वजह से बांग्लादेश का जन्म हुआ। बांग्लादेश को पाकिस्तान से आज़ादी कैसे मिली?

सामाजिक और राजनीतिक जीवन–3
अध्याय–1
अध्याय का नाम – भारतीय संविधान

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने किस वर्ष में संविधान सभा के गठन की मांग को अपनी अधिकृत नीति में शामिल किया? S.St 823
2. भारतीय 'संविधान की अंतरात्मा' किसे कहा जाता है? S.St 823
3. संघवाद क्या है? S.St 823
4. वोट डालने के लिए न्यूनतम आयु क्या है? S.St 823
5. किसी लोकतान्त्रिक देश को संविधान की जरूरत क्यों पड़ती है? S.St 823

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

1. विश्व के मानचित्र पर निम्नलिखित देशों के नाम भरो। S.St 823
   (क) भारत को लाल रंग से भरें (ख) नेपाल को हरे रंग से भरें
   (ग) बांग्लादेश को पीले रंग से भरें
2. भारत के संविधान में नागरिकों को दिए गये मौलिक अधिकारों को सूचीबद्ध करें। S.St 823
3. भारत के संविधान की उद्देशिका का चार्ट प्रदर्शित करें। S.St 823

अध्याय – 2
अध्याय का नाम – धर्म निरपेक्षता की समझ

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. धर्म निरपेक्षता से आप क्या समझते है? S.St 823
2. धर्म को राज्य से अलग रखना क्यों महत्वपूर्ण है? S.St 823
3. एक ही धर्म के भीतर अलग–अलग दृष्टिकोण के कुछ उदाहरण दें। S.St 823
4. 'व्याख्या की स्वतंत्रता' से आप क्या समझते हैं? S.St 823

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

1. अगर किसी धर्म के लोग यह कहते है कि उनका धर्म नवजात शिशुओं को मारने की छूट देता है तो क्या सरकार किसी तरह का दखल देगी या नहीं? अपने आस–पड़ोस के लोगों के साथ चर्चा करें तथा इसका विवरण विस्तार से लिखें। S.St 823
2. अपने आस–पड़ोस के प्रचलित धार्मिक क्रियाकलापों की सूची बनाएं। आप विभिन्न प्रकार की प्रार्थनाओं, विभिन्न देवी–देवताओं की पूजा, विभिन्न पवित्र स्थानों, विभिन्न प्रकार के धार्मिक संगीत और गायन आदि को देख सकते हैं। क्या आपको इससे धार्मिक क्रियाकलापों की स्वतंत्रता का पता चलता है? S.St 823

अध्याय – 3
अध्याय का नाम – हमें संसद क्यों चाहिए

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. हमारा देश आजाद कब हुआ? S.St 828
2. संसद किसे कहते है? S.St 828
3. कार्यपालिका का क्या कार्य है? S.St 828
4. राज्य विधान सभा और संसद में क्या अंतर है? S.St 828
5. गठबंधन से आप क्या समझते हैं? S.St 828
6. विधायक कौन होता है और उसका चुनाव कैसे होता है? S.St 828

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

1. अपने गाँव/कस्बे या शहर में सर्वभौमिक वयस्क मताधिकार के अंतर्गत आने वाले लोगों की सूची बनाओ। S.St 828
2. राज्य सभा तथा लोक सभा में क्या अंतर है? अपने परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ चर्चा करे तथा विस्तार से लिखें। S.St 828
3. अपने क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधियों से सम्बंधित सूचनाओं के आधार पर निम्नलिखित तालिका को भरे– S.St 828

क्रम संख्या	विवरण	राज्य सरकार	केंद्र सरकार
1	कौन सा/से राजनीतिक दल अभी सत्ता में है/हैं		
2	आपके क्षेत्र से निर्वाचित प्रतिनिधि कौन है?		
3	अभी कौन सा राजनीतिक दल विपक्ष में है?		
4	पिछले चुनाव कब हुए थे?		
5	अगले चुनाव कब होंगे?		
6	वर्तमान में कुल केबिनेट मंत्रियों की संख्या		
7	स्वास्थ्य मंत्री का नाम		

अध्याय – 4
अध्याय का नाम – कानूनों की समझ

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. ''कानून के शासन'' से आप क्या समझते हैं? S.St 829
2. घरेलू हिंसा किसे कहते है? S.St 829
3. भारत में कानून का शासन किसने शुरू किया? S.St 829
4. नए कानून किस तरह बनते है। S.St 829
5. 1870 का राजद्रोह कानून क्या था? S.St 829

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

1. घरेलू हिंसा क्या हैं ? हिंसा की शिकार महिलाओं को नए कानून से कौन से दो मुख्य अधिकार प्राप्त हुए? S.St 829
2. सन् 1964 में नागरिक अधिकार कानून क्यों पारित किया गया था? अपनी कक्षा में समूह बनाकर वाद विवाद करे। S.St 829

अध्याय – 5
अध्याय का नाम – न्यायपालिका

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. भारत के सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना कब और कहाँ हुई? S.St 830
2. फ़ौजदारी कानून किसे कहते है? S.St 830
3. न्यायपालिका की भूमिका क्या है? S.St 830
4. दिल्ली उच्च न्यायालय का गठन कब हुआ? S.St 830
5. न्यायिक समीक्षा किसे कहा जाता है? S.St 830

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

1. सन् 1980 के दशक में शरू की जनहित याचिका की व्यवस्था सबको इंसाफ दिलाने के लिहाज से एक महत्वपूर्ण कदम क्यों थी? S.St 830
2. दीवानी कानून और फ़ौजदारी कानून में अंतर स्पष्ट करें। S.St 830
3. निम्नलिखित शब्दों के बारे में अपने घर–परिवार या आस–पड़ोस में चर्चा करें। S.St 830
   (i) बरी करना (ii) अपील करना (iii) मुआवज़ा (iv) बेदखली

अध्याय–6
अध्याय का नाम – हमारी आपारधिक न्याय प्रणाली

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. न्याय व्यवस्था में मुख्य लोग कौन–कौन होते हैं ? S.St 830
2. अपराधी की जाँच के दौरान किसके ब्यान दर्ज किए जाते हैं ? S.St 830
3. गिरफ्तारी के कितने घंटे के भीतर दोषी को मैजिस्ट्रेट के सामने पेश होने का अधिकार है ? S.St 830
4. कितने वर्ष की आयु तक थाने में महिला या बालक को सवाल पूछने के लिए नहीं बुलाया जाता ? S.St 830
5. अदालत में राज्य का पक्ष कौन प्रस्तुत करता है ? S.St 830
6. सरकारी वकील का क्या कार्य होता है ? S.St 830

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

1. अपराध की जाँच करने में पुलिस की क्या भूमिका होती है ? अपने नजदीक के पुलिस थाने का भ्रमण करें और यह जानकारी एकत्रित करे। S.St 830
2. संविधान के अनुच्छेद 22 और फ़ौजदारी के अंतर्गत कानून में प्रत्येक गिरफ्तार व्यक्ति को कौन से मौलिक अधिकार दिए गए हैं। यदि हमारे मौलिक अधिकारों का हनन होता है तो हमें कौन संरक्षण प्रदान करता है। S.St 830
3. सरकारी वकील की क्या भूमिका होती है ? वर्णन करें। S.St 830
4. न्यायाधीश की क्या भूमिका होती है ? भारत में कितने स्तर की न्याय व्यवस्था है? प्रत्येक स्तर में कुल कितने न्यायाधीश होते है? S.St 830
5. निष्पक्ष सुनवाई क्या होती है ? उदाहरण सहित वर्णन करें। S.St 830

अध्याय–7
अध्याय का नाम – हाशियाकरण की समझ

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. आदिवासी शब्द का क्या मतलब होता है ? S.St 832
2. उन्नीसवी सदी में आदिवासियों ने किस धर्म को अपनाया ? S.St 832
3. सन् 2001 की जनगणना के अनुसार, भारत की आबादी में मुसलमानो की संख्या कितने प्रतिशत है। S.St 832
4. 1994 की मूलभूत सुविधाओं के अनुसार, कितने प्रतिशत हिन्दू कच्चे घरों में रहते थे ? S.St 832
5. किस धार्मिक समुदाय की साक्षरता दर सबसे कम है ? S.St 832
6. 'घेटोआइज़ेशन' शब्द का प्रयोग मुख्यतः कहाँ किया जाता है ? S.St 832

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

1. दादू को उड़ीसा का अपना गाँव क्यों छोड़ना पड़ा ? क्या यह असमानता का उदाहरण है? हमारा संविधान इसे किस प्रकार से संरक्षण दे सकता है? S.St 832
2. आदिवासी कौन लोग है ? प्रमुख आदिवासी जनसंख्या भारत के किन राज्यों में निवास करती है? S.St 832
4. अल्पसंख्यकों के लिए हमें सुरक्षात्मक प्रावधानों की क्यों जरूरत पड़ी ? S.St 832
5. आपके शहर या गाँव में कौन से समूह हाशिए पर है ? चर्चा करें। S.St 832

अध्याय – 8
अध्याय का नामः हाशियाकरण से निपटना

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. दलित शब्द का क्या अर्थ होता है ? S.St 832
2. अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम कब बनाया गया ? S.St 832
3. 'आग्रही' शब्द का क्या अभिप्राय है ? S.St 832
4. 'बहिष्कार' शब्द की परिभाषा बताएं ? S.St 832

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

1. आपको ऐसा क्यों लगता है कि दलित परिवार शक्तिशाली जातियों के गुस्से की आशंका से डरे हुए थे ? S.St 832
2. 'हाथ से मैला' उठाने का कलंक पर चित्र सहित एक नोट लिखें। S.St 832
3. सफाई कर्मचारी आन्दोलन ने सन् 2003 में जनहित याचिका क्यों दायर की ? अपनी याचिका में उन्होंने किस बात पर आपत्ति व्यक्त की थी ? S.St 832
4. सामाजिक न्याय को प्रोत्साहन देने के लिए किन योजनाओं को लागू किया गया ? S.St 832
5. हाशियाकरण से निपटने के लिए मौलिक अधिकारों का उपयोग किस प्रकार किया गया है ? S.St 832

अध्याय–9
अध्याय का नाम – जनसुविधाएं

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. जनसुविधाएं क्या होती है ? S.St 833
2. शिव किराए के मकान में किस मंजिल पर रहता था ? S.St 833
3. स्वच्छता से अभिप्राय है ? S.St 833
4. लोगों को स्वच्छ जल मुहैया करवाने की जिम्मेदारी कैसी होती है। S.St 833
5. सन् 2001 की जनगणना के अनुसार कितने प्रतिशत घरों में बिजली पहुँच चुकी है। S.St 833

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

1. आपके गाँव या कस्बे में सरकार से प्राप्त विभिन्न जनसुविधाओं की सूची बनायें। S.St 833
2. क्या आपको लगता है कि समुचित स्वच्छता सुविधाओं के अभाव से लोगों का जीवन प्रभावित होता है ? S.St 833
3. केन्द्रीय सरकार कर राजस्व का विभाजन किस प्रकार करती है ? वर्णन करें। S.St 833

अध्याय–10
अध्याय का नाम – कानून और सामाजिक न्याय

मौखिक आकलन :– **सीखने के प्रतिफल**

1. भोपाल गैस त्रासदी कब हुई ? S.St 830, 834
2. भोपाल त्रासदी में कितने लोगों की मौत हो गई थी ? S.St 830, 834
3. उस गैस का नाम बताएं, जिसके रिसने से यह त्रासदी हुई ? S.St 830, 834
4. 14 साल से कम उम्र के बच्चों को ढाबों या खानों में बाल मजदूरी पर रोक कब लगाई ? S.St 830, 834

असाइनमेंट :– **सीखने के प्रतिफल**

5. आपको ऐसा क्यों लगता है कि किसी फैक्ट्री में सुरक्षा कानूनों को लागू करना बहुत महत्वपूर्ण होता है ? S.St 834
6. बाल मजदूरी रोकथाम अधिनियम में संशोधन करके क्या प्रावधान किया गया ? S.St 824, 834

संसाधन एवम् विकास

अध्याय – 1

अध्याय का नाम – संसाधन

मौखिक आकलन :–	सीखने के प्रतिफल
1. प्राकृतिक संसाधन से आपका क्या अभिप्राय है?	S.St 806
2. वास्तविक संसाधन और संभाव्य संसाधन के मध्य अंतर स्पष्ट करो?	S.St 806
3. किन्ही तीन अनवीकरणीय संसाधनो के नाम बताओ।	S.St 806
4. संसाधनों का संरक्षण करना क्यों जरूरी है?	S.St 806
5. पृथ्वी पर संसाधन असमान रूप में क्यों वितरित है?	S.St 806

असाइनमेंट :–	सीखने के प्रतिफल
1. संसाधन संरक्षण किसे कहते है? संसाधनों का संरक्षण क्यों जरुरी है?	S.St 806
2. जल, मृदा तथा वन संसाधन के संरक्षण को सुनिश्चित करने के पाँच–पाँच उपायों के बारे में विस्तार से लिखें।	S.St 806
3. अपने आस–पड़ोस में विद्यमान ऐसे संसाधनों की सूची बनाओ जिनका प्रयोग हम बार–बार कर सकते हैं।	S.St 806
4. मानव संसाधन किसे कहते है? संसाधनों का विकास क्यों महत्वपूर्ण है?	S.St 806

अध्याय – 2

अध्याय का नाम – भूमि, मृदा, जल, प्राकृतिक वनस्पति और वन्य जीवन संसाधन

मौखिक आकलन :–	सीखने के प्रतिफल
1. भूमि को महत्वपूर्ण संसाधन क्यों माना जाता है?	S.St 807
2. जल संरक्षण के कोई दो तरीके बताएं।	S.St 807
3. चित्र के माध्यम से मृदा निर्माण के लिए उत्तरदायी दो मुख्य जलवायु कारक कौन से है?	S.St 807
4. भूमि निम्नीकरण के कोई दो कारण दीजिए।	S.St 807
5. समोच्च रेखीय जुताई किसे कहते है?	S.St 807

असाइनमेंट :–	सीखने के प्रतिफल
1. किन्ही दो सोपानों के नाम बताएँ जिन्हें सरकार ने पौधों और प्राणियों के संरक्षण के लिए आरम्भ किया है।	S.St 807
2. चित्र के माध्यम से मृदा संरक्षण के समोच्चरेखीय जुताई तथा समोच्चरेखीय रोधिकाओं के मध्य अंतर स्पष्ट करें।	S.St 807
3. प्राकृतिक वनस्पति तथा वन्यजीवन का संरक्षण के लिए कोई पाँच उपाय बताओ।	S.St 807
4. प्राकृतिक वनस्पति से आपका क्या अभिप्राय है? वर्तमान समय में हो रहे प्राकृतिक वनस्पति के विनाश का मानव जीवन तथा जीव–जगत् पर क्या असर पड़ रहा है?	S.St 807
5. जल संसाधन का संरक्षण करना क्यों जरूरी है? आपके क्षेत्र में जल संसाधन के संरक्षण के उपायों के बारे में विस्तार से लिखें।	S.St 807
6. मृदा निर्माण को प्रभावित करने वाले कारकों को चार्ट पर दर्शाएं।	S.St 807

अध्याय – 3

अध्याय का नाम – खनिज तथा शक्ति संसाधन

मौखिक आकलन :–	सीखने के प्रतिफल
1. अभ्रक उत्पादन में विश्व का सबसे बड़ा उत्पादक कौन सा है?	S.St 806
2. विश्व का पहला ज्वारीय ऊर्जा स्टेशन कहाँ बनाया गया है?	S.St 806
3. काला सोना किसे कहा जाता है?	S.St 806
4. पृथ्वी के गर्भ से निकलने वाली ऊर्जा को क्या कहा जाता है?	S.St 806
5. भारत में सोने की खानें कहाँ पर स्थित है?	S.St 806

असाइनमेंट :–	सीखने के प्रतिफल
1. ऊर्जा के परंम्परागत स्त्रोतों से आप क्या समझते हैं? ऊर्जा के परंपरागत स्त्रोतों का विस्तार से वर्णन करते हुए मानवीय जीवन पर इनके महत्व के बारे में लिखे।	S.St 805
2. भारत के मानचित्र पर अभ्रक उत्पादन करने वाले चार राज्यों को चिन्हित करें।	S.St 805
3. विश्व मानचित्र पर लोहा, ताँबा तथा बॉक्साइट उत्पादित करने वाले महाद्वीपों को चिन्हित करें।	S.St 805
4. विश्व मानचित्र पर खनिज तेल तथा कोयले का वितरण दर्शाएँ।	S.St 805
5. चार्ट पर भूतापीय, परमाणु ऊर्जा तथा जल विद्युत ऊर्जा का चित्र बनाएं।	S.St 805

अध्याय–4

अध्याय का नाम – कृषि

मौखिक आकलन :–	सीखने के प्रतिफल
1. जैविक कृषि क्या है ?	S.St 802
2. गेहूँ की फसल की बिजाई किस ऋतु में की जाती है ?	S.St 802
3. रोपण कृषि के कोई तीन उदाहरण दें।	S.St 802
4. कॉफी के पौधे की खोज किसने की ?	S.St 802
5. 'सेरीकल्चर' किसके उत्पादन से सम्बन्धित है ?	S.St 802
6. विश्व की मुख्य–खाद्य फसल क्या है ?	S.St 802

असाइनमेंट :–	सीखने के प्रतिफल
1. कृषि के विभिन्न प्रकारों को प्रवाह तालिका के माध्यम से दर्शाएं।	S.St 802
2. विश्व में उगाई जाने वाली मुख्य फसलों का वर्णन और वितरण को मानचित्र पर दर्शाएं।	S.St 802
3. स्थानान्तरी कृषि तथा वाणिज्यिक कृषि का उदाहरण सहित वर्णन करें।	S.St 802
4. पौधे से परिष्कृत उत्पाद तक के रुपातन्तर में कितनी क्रियाएं है। विस्तार से वर्णन करें ?	S.St 802
5. बाज़ार में उपलब्ध बाजरा, चावल, गेहूँ, मक्का, तिलहन और दलहन के बीजों को एकत्र कीजिए। तथा कक्षा में चर्चा करें कि यह किस प्रकार की मृदा में उगाए जाते हैं।	

अध्याय–5
अध्याय का नाम – उद्योग

मौखिक आकलन :–	सीखने के प्रतिफल
1. सन् 1947 में पहले इस्पात का कारखाना किस स्थान पर स्थित था ?	S.St 801
2. कृषि आधारित उद्योगों के उदाहरण दें ?	S.St 801
3. विनिर्माण किसे कहते है ?	S.St 801
4. उभरते हुए उद्योग किस नाम से जाने जाते हैं।	S.St 801
5. प्रगलन क्या है ?	S.St 801
6. भारत में प्रथम वस्त्र उद्योग कब और कहाँ पर स्थापित हुआ।	S.St 801

असाइनमेंट :–	सीखने के प्रतिफल
1. उद्योगों की उपस्थिति को प्रभावित करने वाले कारको का चित्र सहित वर्णन करें।	S.St 801
2. लोहा इस्पात उद्योग का विस्तृत वर्णन करें और लोह प्रगलन भट्टी का चित्र भी बनाएं ?	S.St 801
3. विश्व के प्रमुख उद्योगों का विस्तार से वर्णन करें ? मानचित्र पर प्रमुख उद्योगों के वितरण को भी दर्शाएं।	S.St 801
4. बेंगलुरु और केलिफोर्निया में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के बीच क्या समानता है ?	S.St 801

अध्याय–6
अध्याय का नाम – मानव संसाधन

मौखिक आकलन :–	सीखने के प्रतिफल
1. भारत की जनसंख्या का औसत घनत्व क्या है।	S.St 810
2. आप्रवासी कौन से लोग होते है ?	S.St 810
3. मानव संसाधन मंत्रालय का गठन कब हुआ।	S.St 810
4. प्राकृतिक वृद्धि दर किसे कहते है ?	S.St 810
5. उत्प्रवासी कौन लोग होते हैं ?	S.St 810

असाइनमेंट :–	सीखने के प्रतिफल
1. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन करें ?	S.St 810
2. जनसंख्या पिरामिड, जनसंख्या को समझने में किस प्रकार मदद करती है? ग्राफ पर अपने गाँव का जनसंख्या पिरामिड बनाएं।	S.St 810
3. जनसंख्या घनत्व किसे कहते हैं ? भारत के जनसंख्या घनत्व को राज्यवार पाई चार्ट के माध्यम से दर्शाएं।	S.St 810